## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...**

**माँ स्कंदमाता: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम:**

# खुशियों के बीच मनी ईद, अमन को उठे हाथ

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** खुशी एवं भाईचारे का त्योहार ईद उल फित्र बाराबंकी में बहुत ही धूमधाम व उल्लास भरे माहौल में बनाया गया। शनिवार सुबह मुख्यालय पर सबसे बड़ी नमाज ईदगाह में हुई तो शहर व ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। बाद नमाज सबने एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी।

शहर की सबसे बड़ी नमाज ईदगाह मैदान में हुई। रोजेदार दो शिफ्ट में पहुंचे और ईद की नमाज अदा की। बड़ी संख्या में उमड़े रोजेदारों ने नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी। यहां पर मौजूद सांसद तनुज पुनिया भी लोगों से मिले और बधाई दी। वहीं डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने भी सभी को मुबारकबाद दी।

हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, हाईवे के किनारे स्थित ईदगाह परिसर में मुफ्ती मोहम्मद यासिर कासमी व मौलाना मो. रफीक द्वारा ईद की नमाज अदा करवाई गई और मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई। ईदगाह पहुंचे हजारों रोजेदारों ने पहले ईद की नमाज अदा की और फिर एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व विधायक रामनगर रावत, सपा नेता पप्पू सिद्दीकी, उमर हाशमी, सरवर सिद्दीकी, शब्बीर पहाड़ी, मेराज अहमद, अय्यूब कुरैशी, प्रधान आसिफ खान आदि शामिल रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, सीओ समीर कुमार सिंह, तहसीलदार कविता ठाकुर, अधिशासी अधिकारी इन्द्रभान, कोतवाल अभिमन्यु मल्ल दल बल के साथ मौजूद रहे। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार रविवार को ईद की ख़ुशी में क्षेत्र की सभी ईदगाहों पर मेला जैसा माहौल रहा। ईद की नमाज अदाकर एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दी। बड़ागांव स्थित ईदगाह में मौलाना सगीर अहमद ने ईद उल फ़ित्र की नमाज अदा करायी। इसी क्रम में सौली में मौसम खराब होने के कारण सभी मस्जिदों मे ईद की नमाज अदा की गयी। शहाबपुर मे मौलाना इमरान नदवी, सुरसंडा मौलबी समीनुद्दीन हशमती, कस्बा बांसा हफीज गुलाम मुस्तफा,कस्बा सआदतगंज में हाफ़िज़ सिराजुद्दीन, कस्बा रामपुर कटरा में मौलाना अरकम, सैदनपुर पेश इमाम मसीउद्दीन, दादरा पेश इमाम नूर मोहम्मद, रसौली, जकरिया, उधौली की ईदगाहो में ईदुल फितर की नमाज अदा की गयी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, एसएसआई शमशाद अली, राशिद अली, एवं प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज अमर चौरसिया पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।



ईद की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार



डीएम और एसपी को बधाई देते रोजेदार। ● अमृत विचार



ईदगाह में मौजूद सांसद, पूर्व एमएलसी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

## पानी भरे टब में डूबने से बच्चे की मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के संदूपुर में शनिवार को पानी भरे टब में डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मोहित यादव घटना के समय वह घर से बाहर थे। उनकी पत्नी घरेलू कार्यों में व्यस्त थी। दिन में करीब तीन बजे उनका दो वर्षीय पुत्र आरव आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान उसका खिलौना पास में रखे पानी भरे टब में गिर गया। खिलौना निकालने के प्रयास में आरव टब में झांकने लगा, तभी संतुलन बिगड़ने से वह टब में गिर पड़ा और पानी में डूब गया। काफी देर तक नजर न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो आरव टब में अचेत मिला। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पौधरोपण के दौरान वन विभाग के अफसर और कर्मचारी। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर रामनगर वन रेंज के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अशोकपुर चाचू सराय में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सहजन, अमरूद, आंवला, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उपस्थित महिलाओं ने न केवल पौधरोपण किया, बल्कि उनके संरक्षण और देखभाल का भी संकल्प लिया। इस मौके पर ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी देखने को मिली। क्षेत्रीय वन अधिकारी अल्पना पाण्डेय ने कहा कि "वन हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़-पौधे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ददौरा राजू, उपक्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार यादव, बीट इंचार्ज रामतिलक, वन कर्मी दुर्गेश यादव, नागेंद्र रावत, विक्रम वर्मा, रूबी वर्मा, रुमा यादव, गीता यादव, समरनाथ यादव आईटीआई कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चैत्र रामनवमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** चैत्र रामनवमी के अवसर पर गत वर्षो की तरह कस्बा में निकलने वाली श्री राम जी की विशाल भगवामय शोभा यात्रा आगामी शुक्रवार को नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगी। शोभायात्रा के आयोजक हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद पांडे ने बताया कि शोभायात्रा से पहले विजयी हनुमान मंदिर के निकट स्थित केशव मैरिज हाल में सुबह 9 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे राम जन्म का उत्सव मनाने के बाद 3 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान श्री राम का दिव्यरथ एवं शोभा यात्रा के दौरान प्रस्तुत की जाने वाली विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। इस शोभायात्रा के दौरान राष्ट्रीय भजन गायक संदीप आचार्य द्वारा भगवान राम के भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन में अध्यक्ष आनंद पांडे के अलावा प्रबंधक राहुल गुप्ता कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, शिवम वैश्य अंशू आदि शामिल रहेंगे।

# मारपीट में अधेड़ की मौत, पत्नी घायल

**वारदात**

● **टिन शेड के ऊपर से तार हटाने के विवाद में हुई घटना**

**निन्दूरा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र में घर के बाहर से गुजर रहे बिजली के तार को हटाने को लेकर पड़ोसियों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। जानलेवा हमले में घायल व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के महत्तवानी मजरा घुघटेर गांव निवासी सुरेंद्र कुमार यादव (50) पिछले करीब 15 वर्षों से अपनी ससुराल में रह रहे थे। उन्होंने अपने घर के बाहर बाउंड्री वॉल बनाकर उस पर टिन शेड डाला था। आरोप है कि पड़ोसी मांगू यादव ने अपनी बिजली का केबल उसी टिन शेड के ऊपर से निकाल रखा था। कई बार कहने के बावजूद उसने टिनशेड के ऊपर से बिजली का तार नहीं हटाया था। रविवार की सुबह सुरेंद्र की पत्नी आरती ने टिन शेड के ऊपर से गुजर रहा तार हटा दिया। इससे नाराज होकर मांगू यादव अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा और लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया, जबकि उसकी पत्नी भी घायल हो गयी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बताया जा रहा कि सुरेंद्र मूल रूप से हरदोई जनपद का निवासी था। घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं, घायल पत्नी आरती को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सिर में चोट लगने के बावजूद महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल नहीं ले जाया गया, बल्कि कोतवाली में बैठाकर पूछताछ की जाती रही।

## पुलिस बन कर रहा था साइबर ठगी, गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** साइबर अपराध थाना पुलिस ने फर्जी पुलिस बनकर लोगों को ठगने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड व 1250 रुपये बरामद हुए हैं। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव की टीम ने 20 मार्च को असैनी चौराहे के पास से आरोपी को पकड़ा। पकड़ा गया आरोपी सूरज चौहान (22) निवासी कानपुर देहात, हाल पता लखपेड़ाबाग है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह खुद को पुलिसकर्मी बताकर लोगों को फोन करता और पोर्न वीडियो देखने के नाम पर केस दर्ज होने का डर दिखाकर उनसे पैसे ऐंठता था। आरोपी ने अलग-अलग राज्यों के लोगों को निशाना बनाया है।

# हादसों में दो की मौत एक की हालत गंभीर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पहली घटना कुर्सी के कुर्सी-इटौंजा मार्ग पर मदारपुर चौराहे के पास शनिवार शाम हुई। देवा के गौरिया निवासी पप्पू (55) अपने साथी के साथ लखनऊ के महिगवां क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान पप्पू की मौत हो गई। दूसरी घटना लोनीकटरा थाना क्षेत्र में अखैय्यापुर अंडरपास के पास 20 मार्च की शाम हुई। खैराकनकू निवासी राममिलन वर्मा के पुत्र सत्यम वर्मा (23) साथी गोविन्द शर्मा (20) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार सीएनजी टैंकर ने लापरवाहीपूर्वक उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर दोनों युवकों और बाइक को कुछ दूर तक घसीटता ले गया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया, जहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने सत्यम को मृत घोषित कर दिया, जबकि गोविन्द की हालत गंभीर बनी हुई है।

## नालियां चोक होने से मार्गों पर भरा गंदा पानी



मार्ग पर जलभराव के बीच से गुजरती किशोरी। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेचू का पुरवा मजरे मौलाबाद गांव में मुख्य सड़क पर नालियां चोक होने के कारण पानी भर गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने नालियों की तत्काल साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है। गांव के अंदर जाने वाली मुख्य सड़क पर पानी जमा होने से लोगों को निकलने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। नालियां चोक होने के कारण सड़क पर गंदा पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को इधर-उधर से होकर निकलना पड़ रहा है। रामपाल वर्मा के घर के सामने इंटरलॉकिंग सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। पुरुषोत्तम के दरवाजे से लेकर लाला के घर तक नालियों के ढक्कन टूटे पड़े हैं। मोहित कुमार, रवि कुमार, रामराज, अनिल, अशोक, ननकू, पुत्तन वर्मा और रामपाल वर्मा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जगह-जगह नालियों के पत्थर टूटे हुए हैं, जिससे वे चोक हो गई हैं। बारिश के चलते पूरी सड़क पर जलजमाव हो गया है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

# बिना कनेक्शन थमाया बिल जेई समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थायी कनेक्शन बिना ही उपभोक्ता को बिजली का बिल थमा दिया गया। पीड़ित ने तत्कालीन जेई समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुर्सी के रेवरी मजरे सिकंदरपुर निवासी अमर सिंह (56) ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2016 में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत उनके घर पर बिजली मीटर लगाया गया, लेकिन न मीटर सील हुआ न ही कनेक्शन नंबर दिया गया। आरोप है कि जनवरी 2025 में कुर्सी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई विकास शुक्ला ने नये कनेक्शन के नाम पर 30 हजार की मांग की। एक कथित संविदाकर्मी ने 20 हजार ले लिए और शेष 10 हजार बाद में देने को कहा। पीड़ित का कहना है कि रुपये देने के बावजूद कनेक्शन हुआ और न ही पुराना पैसा वापस किया। उल्टा उनके नाम फर्जी तरीके से बिजली बिल जारी कर दिया गया। पहले बिल में करीब 26 हजार रुपये और बाद में संशोधित कर 67 हजार रुपये से अधिक की धनराशि दर्शा दी गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बिल में मीटर रीडिंग, जमा प्रतिभूति राशि और कनेक्शन की तिथि में कूटरचना की गई है। कनेक्शन को वर्ष 2016 से दिखाया गया। पुलिस के सुनवाई न करने पर उसने कोर्ट की शरण ली, तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## ऑटो में महिला के पर्स से 18 हजार की नकदी चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े ऑटो रिक्शा में सफर कर रही एक महिला के पर्स से 18 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, बरेली जनपद के थाना किला क्षेत्र की रहने वाली तरनुम पत्नी मोहम्मद खालिब इन दिनों बाराबंकी के नुमाइश मैदान में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रही हैं। पीड़िता के मुताबिक, 19 मार्च की दोपहर वह बड़ेल चौराहे से नाका सतरिख की ओर ऑटो रिक्शा से जा रही थीं। इसी दौरान ऑटो में दो महिलाएं आकर उनके पास बैठ गईं। आरोप है कि रास्ते में उन महिलाओं ने मिलकर तरनुम के पर्स में रखे 18 हजार रुपये चोरी कर लिए। पीड़िता का कहना है कि उन महिलाओं के साथ अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। घटना के बाद पीड़िता ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# उम्रकैद की सजा पाए कर्मचारी की बर्खास्तगी पर लगी अंतिम मुहर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी स्थित सिंचाई विभाग में कार्यरत एक वरिष्ठ सहायक को आपराधिक मामले में उम्रकैद की सजा मिलने के वर्षों बाद आखिरकार सेवा से औपचारिक रूप से बर्खास्त कर दिया गया है। विभाग ने यह कार्रवाई 5 जून 2012 से प्रभावी मानी है, यानी दोषसिद्धि की तारीख से ही उसे सेवा से बाहर माना जाएगा।

बताते चलें कि यह मामला 5 जून 2012 का है, जब एस-एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश बाराबंकी की अदालत ने कर्मी दिनेश चंद्र को दोषी ठहराते हुए सश्रम उम्रकैद और अर्थदंड की सजा सुनाई थी। इसके बाद तत्कालीन अधीक्षण अभियंता एकादश मंडल सिंचाई कार्य फैजाबाद ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं लेकिन दिनेश चंद्र ने इस कार्रवाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने विभागीय कार्रवाई में प्रक्रिया संबंधी खामियों की ओर संकेत करते हुए नियमानुसार दोबारा निर्णय लेने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सिंचाई विभाग ने अधीक्षण अभियंता अयोध्या की अध्यक्षता में समिति गठित की। समिति ने संबंधित कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया। समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची कि आपराधिक मामले में दोषसिद्धि के आधार पर दिनेश चंद्र की सेवा समाप्ति उचित है। बाढ़ कार्य खंड के अधिशाषी अभियंता शशिकांत सिंह ने बताया कि इस कार्रवाई के साथ लंबे समय से लंबित मामला पूरी तरह निस्तारित हो गया है।

## मिशन शक्ति : महिलाओं को किया गया जागरूक



लोगों को जागरूक करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 5 द्वितीय चरण के दृष्टिगत बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर शासन व पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

**सुविधा**

**गोसियामऊ ग्राम पंचायत स्थित गोमती नदी पर नवनिर्मित पीपा पुल का विधायक ने किया लोकार्पण**

# पुल निर्माण से गोसियामऊ से बाराबंकी की दूरी 25 किमी घटी

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रविवार को क्षेत्र की गोसियामऊ ग्राम पंचायत स्थित गोमती नदी पर नवनिर्मित पीपा पुल का लोकार्पण हुआ। यह पुल बन जाने के बाद यहां से बाराबंकी की दूरी करीब 25 किमी घट जाएगी। पीपा पुल के लोकार्पण से स्थानीय ग्रामीण काफी खुश दिखाई दिए।

क्षेत्रीय भाजपा विधायक दिनेश रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने विधिवत पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़कर और फीता काटकर पुल का लोकार्पण किया। एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बने इस पीपा पुल के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी सुगमता मिलेगी। बाराबंकी आने-जाने में उनका समय भी बचेगा।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय लोगों द्वारा लंबे समय से इस पुल की मांग की जा रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस समस्या के समाधान के लिए अनुरोध किया था, जिसके बाद इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली। प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने क्षेत्र के विकास कार्यों में विधायक के प्रयासों की सराहना की।

पीपा पुल के निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह उर्फ मोनू, भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल ,भाजपा मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, रूपचंद चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, प्रधान प्रतिनिधि अवधेश यादव, पूर्व प्रधान रामअभिलाख रावत, भाजपा पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, चुन्नी सिंह, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



पीपा पुल का लोकार्पण करते क्षेत्रीय विधायक। ● अमृत विचार

## चोरी के माल के साथ 5 महिला चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस टीम ने 5 महिला चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के आभूषण और उन्हें बेचकर प्राप्त 1,13,000 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने असैनी मोड़ के पास से महिलाओं को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो पीली धातु के लॉकेट, एक जोड़ी कान के टप्स, 1,13,000 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह महिलाएं बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और भीड़-भाड़ वाले बाजारों व मेलों में सक्रिय रहती थीं। ये राहगीरों और बस, ऑटो में बैठी सवारियों को निशाना बनाकर मौका पाते ही उनके आभूषण, पर्स और नकदी चोरी कर लेती थीं।

## पौने छह लाख किसानों को मिला आर्थिक सहारा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर बाराबंकी में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। खासतौर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 5,84,304 किसानों को सीधे आर्थिक लाभ मिला है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक किसानों के खातों में करोड़ों रुपये की धनराशि भेजी गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। यह योजना केंद्र सरकार की प्रमुख पहल है, जिसके तहत पात्र किसान परिवारों को हर वर्ष 6,000 रुपये तीन किश्तों 2-2 हजार रुपये में दिए जाते हैं। किसानों का कहना है कि यह सहायता राशि खाद, बीज, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों में काफी उपयोगी साबित हो रही है। इससे न केवल खेती की लागत संभालने में मदद मिली, बल्कि उत्पादन और आय में भी सुधार आया है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि बाराबंकी में योजना का व्यापक प्रभाव देखने को मिला है। लगातार सत्यापन प्रक्रिया के बाद पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया, जिससे पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई। प्रदेश में किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें पीएम किसान सम्मान निधि प्रमुख भूमिका निभा रही है। कुल मिलाकर, इस योजना ने बाराबंकी के किसानों को आर्थिक स्थिरता दी है।

न्यूज ब्रीफ

### नवरात्र महोत्सव में भजन-कीर्तन व कन्या भोज का आयोजन

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र पर शुरू हुआ नवरात्रि महोत्सव कन्याभोज के साथ संपन्न हो गया। शनिवार शाम 4 बजे अखंड 'हरी ओम तत्सत' जप, दुर्गा चालीसा पाठ व सुंदरकांड से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जो पूरी रात भजन-कीर्तन के साथ चलता रहा। रविवार सुबह 9 बजे से विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कन्याओं को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में मंदिर व्यवस्थापक अमित अवस्थी, एडवोकेट सिद्धांत अवस्थी, डॉ. रितु ओमर, डॉ. विवेक मिश्रा सहित कमेटी के मारू नंदन मिश्रा, दिलीप कनौजिया, ऋषभ शुक्ला व अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रेम प्रसंग को लेकर तीन का चालान

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक युवक का दही थानाक्षेत्र की 17 वर्षीय किशोरी से प्रेम प्रसंग का मामला रविवार को कोतवाली पहुंच गया। किशोरी के परिजन युवक के विरुद्ध शिकायत लेकर थाने पहुंचे थे। तभी युवक की पैरवी करने आया एक अन्य युवक परिजनों से भिड़ गया और गालीगलौज करने लगा। इस पर परिजनों ने उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की बात कही। जिससे घबराकर वह मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आई और सिपाहियों ने पीछा कर उसे दुर्गा मंदिर के पास पकड़ लिया। पुलिस ने प्रेमी युवक, पैरवी करने वाले युवक समेत तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी...

## मां कूष्मांडा के दरबार में गूंजे 'जय माता दी' के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को शक्तिपीठों व मंदिरों में भक्तों ने श्रद्धा व भक्ति के साथ मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की। भोर होते ही मंदिरों के कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। जो देरशाम तक जारी रहीं।

शहर के ऐतिहासिक प्राचीन कल्याणी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर व पूर्णा देवी मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। हाथ में चुनरी, फल, फूल व नारियल लिए श्रद्धालु माता रानी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना के साथ माता के चरणों में मत्था टेका।



कल्याणी मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्र के सिद्धपीठों का नजारा भी बेहद भक्तिमय रहा। नवाबगंज के प्रसिद्ध कुशहरी देवी मंदिर में भक्तों ने शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन किए। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे।

बक्सर में गंगा तट स्थित चंडिका देवी धाम में दूर-दराज के जिलों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान के बाद मां की पूजा की। दिनभर की पूजा के बाद शाम का माहौल और मनमोहक हो गया। मंदिरों में जहां भव्य आरती का आयोजन हुआ। वहीं मोहल्लों व घरों में महिलाओं की टोलियों ने ढोलक की थाप पर देवी गीतों व भजनों की प्रस्तुति दी।

### दुर्गा मंदिर में हुआ कन्याभोज, बंटी शिक्षण सामग्री

उन्नाव : चैत्र नवरात्र पर शाहगंज मोहल्ला स्थित स्टेट बैंक दुर्गा मंदिर में रविवार को सामूहिक कन्याभोज हुआ। इसमें कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। इस वर्ष का कन्याभोज केवल पारंपरिक खानपान तक सीमित नहीं रहा। आयोजकों ने कन्याओं के भविष्य को देखते हुए उन्हें पठन-पाठन की सामग्री बांटी इसके साथ मौसम को देखते हुए शीतल पेय पदार्थ, मौसमी फल व नए वस्त्र भी भेंट किए। वहीं, कन्याओं को दही-जलेबी का भोग लगाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मनोज भैया, सभासद प्रतिनिधि हिमांशु दीक्षित व सभासद नीलम यादव ने किया। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सेवाएं दीं। कन्याभोज में रानू दीक्षित, राहुल सिंह, वीरू निगम, संजय गुप्ता, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सरला श्रीवास्तव, पिंकी गुप्ता, विनीता, शिल्पी श्रीवास्तव, गीता गुप्ता, पूजा, ज्योति, मनोज डब्बू गुप्ता, हर्षित अग्रवाल, आलोक गुप्ता, मनन गुप्ता, वासु गुप्ता आदि मौजूद रहे।



शाहगंज मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ श्रृंगार। • अमृत विचार

### मां कूष्मांडा के दर्शन को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

शुक्लागंज, उन्नाव : नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा के दर्शन के लिए नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में रविवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दिन मां के दरबार का भव्य रूप से सजाया गया था।



दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिये मौजूद भक्त। • अमृत विचार

श्रद्धालु जयकारे लगा माता के दर्शन कर रहे थे। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडेय ने बताया कि मां कूष्मांडा की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती का पाठ कर श्रद्धालुओं ने माता को प्रसन्न किया। महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन किया, वहीं प्रसाद वितरण भी दिनभर चलता रहा। कंचन नगर स्थित कंचनमाई मंदिर, महेश मार्ग का सिद्धिदात्री मंदिर, डाकबंगला कॉलोनी का सोमा गौरी मंदिर, गांधीनगर का काली मंदिर, पोनी रोड झंडा चौराहा स्थित झंडेश्वरी मंदिर, बिंदा नगर दुर्गा मंदिर, बालूघाट का गायत्री शक्तिपीठ व गंगा विशुनघाट दुर्गा मंदिर आदि स्थानों पर भी भारी भीड़ रही। वहीं दुर्गा मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ का समापन राज्याभिषेक के साथ हुआ।

## ब्लॉक के दौरान गंगाघाट तक लोकल ट्रेन संचालन की मांग

**उन्नाव, अमृत विचार:** लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर पुराने गंगापुल पर स्लीपर बदलने का कार्य होना है। इसके लिए रेल प्रशासन ने 2 अप्रैल से 13 मई तक मेगा ब्लॉक की घोषणा की है। इसमें कई लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है। इसके साथ पैसेंजर ट्रेनें निरस्त की गई हैं। इसमें कानपुर-लखनऊ मेमू (एलकेएम) भी शामिल हैं। इसे लेकर जिला दैनिक रेलयात्री संघ अध्यक्ष मुर्तजा हैदर रिजवी ने लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन जोशी को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिले से मेमू ट्रेनों से हजारों लोग कानपुर व लखनऊ मजदूरी करने जाते हैं। इनके लिए बस व अन्य साधन के किराए का बोझ उठाना मुश्किल है। मांग की कि मेमू ट्रेनों को ब्लॉक के दौरान लखनऊ से गंगाघाट रेलवे स्टेशन तक संचालित किया जाए। संघ के विधिक सलाहकार मुजतबा हैदर भैय्यू ने बताया कि पूर्व में स्लीपर बदलने के दौरान संघ की मांग पर गंगाघाट से लखनऊ तक पैसेंजर ट्रेनों का संचालन हुआ था।

## हाकरों के होली मिलन में उड़ा अबीर-गुलाल

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** रविवार को राजमार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में समाचार पत्र वितरक समिति शुक्लागंज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां फूलों की होली खेली गई। वहीं ठंडाई वितरण भी हुआ।

समाचार पत्र वितरक समिति शुक्लागंज द्वारा बीते कई वर्षों से होली के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन होता है। इस वर्ष भी रविवार को राजमार्ग स्थित कैलाश वाटिका में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां फूलों की होली खेली गई। इसमें फगुआरों ने होली गीत गाये। इसके बाद ठंडाई वितरण हुआ। इस दौरान पत्र वितरकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता, भानू मिश्रा, संदीप पांडेय, कमल वर्मा, सुरेश शुक्ला, अरविंद यादव, कैप्टन राहुल तिवारी, राजेश बाजपेई रहे। इस दौरान मुकेश तिवारी, विजय बाजपेई, उमेश शुक्ला, छुन्नू तिवारी, योगेन्द्र शुक्ला, उमाकांत, सुशील अवस्थी, राजेन्द्र पाल, अरविंद बाजपेई, अनुराग तिवारी, शंभू तिवारी, मिथुन श्रीवास्तव, अरुण मिश्रा, मनबोधन अवस्थी, आशीष सिंह, हरी दुबे, नंद किशोर दुबे, गौरव पांडेय, रामू दीक्षित, विजय मिश्रा, कमल तिवारी, रमाशंकर आदि समाचार पत्र वितरक मौजूद रहे।



समाचार पत्र वितरकों के होली मिलन में होता फाग। • अमृत विचार

### डीएसएम में रोबोटिक्स व एआई प्रदर्शनी आयोजित

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : राजमार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में रोबोटिक्स व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रदर्शनी आयोजित हुई। इसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, नवाचार व तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

इसका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना व आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव देना रहा। उद्घाटन मुख्य अतिथि डीडीईसी की प्रिंसिपल नीलम, प्रधानाचार्या रीता सिंह, प्रबंधक आशुतोष शुक्ला व अवनीश शुक्ला ने किया। प्रदर्शनी में स्वचालित मशीनें, स्मार्ट होम मॉडल, एआई आधारित एप्लिकेशन और रोबोटिक्स प्रोटोटाइप आकर्षण का केंद्र रहे। छात्रों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली समझाई। इस दौरान कपिल तिवारी का मार्गदर्शन सराहनीय रहा।

### परशुराम जयंती की तैयारी को लेकर हुई बैठक

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : रविवार को परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में ऋषिनगर स्थित जगदम्बा पार्क में नगर के प्रबुद्ध वर्ग की बैठक हुई। इसमें आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें आयोजन को भव्य व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज में एकता व सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने पर जोर दिया। इसमें गणेश मिश्र, विजय तिवारी, संजय तिवारी, वीरेंद्र शुक्ल, पप्पू तिवारी, प्रदीप शुक्ल, महेश मिश्र, डॉ संतोष अग्निहोत्री, श्रीकांत पांडेय, आदित्य त्रिपाठी, संजय बाजपेई, रामू अवस्थी, प्रद्युम्न मिश्र, राजू पांडेय, विनोद त्रिपाठी, विनय तिवारी, सुरेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, मोहित शुक्ल, अनूप शुक्ल, अभिलाषा मिश्र, मनोज मिश्रा, राहुल दीक्षित, रवि तिवारी, अंशुमन तिवारी, चंद्र प्रकाश मिश्र, दीपक त्रिवेदी, वीरेश शुक्ला, रिंकू शुक्ल, बसंत दादा, नंद कुमार मिश्र, श्याम तिवारी सहित करीब 300 लोग उपस्थित रहे।



बैठक में जानकारी देते पदाधिकारी। • अमृत विचार

## परशुराम ब्रिगेड की बैठक में नए अध्यक्ष का चयन

- बैठक में परशुराम जयंती की तैयारी की बनी रूपरेखा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** राजमार्ग स्थित ऋषि आश्रम में रविवार को अखिल भारतीय परशुराम बिग्रेड की बैठक हुई। इसमें आगामी परशुराम जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें सर्वसम्मति से राजनारायण मिश्रा को संगठन का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने खुशी जताते हुए बधाई दी और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की उम्मीद जताई। इसमें हाल ही में दिवंगत मथुरा निवासी बाबा चंद्रशेखर उर्फ फरसा वाले बाबा को श्रद्धांजलि दी गई।

संरक्षक वीरेंद्र शुक्ला, महेश मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, अंजनीकांत मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, संदीप पांडेय, इन्द्रेश शुक्ला, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, सौरभ पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, धीरेंद्र द्विवेदी, प्रशांत अवस्थी, मोहित शुक्ला, विवेक तिवारी, ऋषभ दीक्षित, अखिलेश शुक्ला, करुणा शंकर पाण्डेय, आशीष गिरी, आशीर्वाद तिवारी, महेश पांडे, सुरेश मिश्रा, चन्दन दीक्षित, अजय चौबे, सतीश तिवारी, भारत तिवारी, सुरेश पाठक, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, रमेश मिश्रा, राजू शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 526 निपुण स्कूलों के शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में रविवार को 'निपुण विद्यालय सम्मान समारोह' का आयोजन हुआ। अध्यक्षता डायट प्राचार्या अमिता सिंह ने की। इसमें जिले के उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक सम्मानित हुए जिन्होंने 'निपुण भारत मिशन' के तहत निर्धारित मानकों को ससमय प्राप्त कर अपने विद्यालय को 'निपुण' घोषित कराया है। इस तरह के जिले के 526 विद्यालयों को निपुण घोषित किया गया।

इस दौरान प्राचार्या ने कहा कि जिले के 526 विद्यालयों ने आज कर दिखाया है कि विपरीत परिस्थिति में भी काम कैसे किया जाता है। निपुण विद्यालय की संख्या की दृष्टि से असोहा ब्लाक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सुमेरपुर ब्लॉक ने अंतिम 17वां स्थान पाया। प्राचार्या ने निपुण विद्यालयों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। एसआरजी टीम से डॉ. रचना सिंह, मसर्रत फातिमा व अखिलेश ने शिक्षकों के नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा की। इसमें डायट प्रवक्ता अंजू यादव, दिनेश कुमार, डॉ. विशाल यादव, श्याम सिंह, सहयोगी निपुण सेल राहुल तिवारी, पीयूष सिंह, शशांक चौहान, दीपक कुशवाहा व डायट प्रशिक्षुओं से श्रेया सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे ।



सम्मानित प्रधान अध्यापकों के साथ डायट प्राचार्या व प्रवक्ता। • अमृत विचार

### दिल्ली से लौटे युवक ने फंदे से लटककर दी जान

उन्नाव, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के हजीरा गांव निवासी अभय (28) पुत्र शंकर लाल अपने माता-पिता व अन्य परिजनों के साथ दिल्ली में रहता था। रविवार को वह दिल्ली से लौट कर गांव पहुंचा। जहां उसने देरशाम घर में रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। चचेरे भाई ने उसे लटका देख शोर मचाया। इस पर अन्य परिजन पहुंचे। उसके जीवित होने की आशंका पर परिजन पहले एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से डॉक्टर के हाथ खड़ा करने पर चचेरा भाई रोहित उसे जिला अस्पताल लाया। यहां ईएमओ ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ईएमओ डॉ. आशीष सिंह ने बताया कि शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना दी गई है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा के मुताबिक दरोगा को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। परिजनों के आने पर आत्महत्या की वजह स्पष्ट होगी।

### ई-रिक्शा की छत पर बैठ फर्राटा, वीडियो वायरल

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नवीन गंगापुल पर एक ई-रिक्शा चालक द्वारा खतरनाक तरीके से सवारियां ढोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को सामने आए 8 सेकेंड के इस वीडियो में चालक क्षमता से अधिक लोगों को बैठाकर तेज रफ्तार में वाहन चलाता दिख रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ई-रिक्शा के अंदर जगह पूरी तरह भरने के बाद भी सवारियों को नीचे लटकाकर और छत पर बैठाकर सफर कराया जा रहा है। छत पर 4 से 5 युवक बैठे दिख रहे हैं। जबकि नीचे भी कई लोग किसी तरह यात्रा करते दिख रहे हैं। यह स्थिति न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ भी है। वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया है। हालांकि, ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।



नवीन पुल पर ई रिक्शे की छत पर बैठकर जाते युवक।

## 1014 परीक्षकों ने जांचीं 31,775 कापियां

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन के चौथे दिन रविवार को चार केंद्रों में 1014 परीक्षकों ने 31775 कापियों का मूल्यांकन किया। इसमें 1756 परीक्षकों में 742 अनुपस्थित रहे।

डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 49 उपस्थित रहे। वहीं 517 परीक्षकों में 251 उपस्थित हुए। इसमें 10051 कापियों का मूल्यांकन हो सका। यहां 27 में 16 अंकेक्षक परीक्षक उपस्थित हुए। अब तक 21.29 प्रतिशत कापियों का मूल्यांकन किया गया। प्रधानाचार्य कंचन भट्ट ने बताया कि विज्ञान (भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान) विषय में परीक्षकों की अनुपस्थित अधिक होने से कापियों के मूल्यांकन में कठिनाई हो रही है। जीआईसी में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 उपस्थित रहे। वहीं, 491 परीक्षकों में 285 उपस्थित हुए। जिन्होंने 7912 कापियों का मूल्यांकन किया। अब तक 21.43 प्रतिशत कापियों का मूल्यांकन किया गया है। जीजीआईसी में इंटर के 31 डिप्टी हेड में 26 व 297 परीक्षकों में 193 परीक्षक उपस्थित हुए। यहां 8523 कापियों का ही मूल्यांकन किया गया है। यहां 17 अंकेक्षकों में 12 उपस्थित हुए। अब तक 31.98 प्रतिशत कापियों का मूल्यांकन किया गया है। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 30 डिप्टी हेड में 26 व 286 परीक्षकों में 136 परीक्षक उपस्थित हुए। इसमें 5289 कापियों का मूल्यांकन किया गया है।



बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन करते परीक्षक।

## मतभेद भूलकर 17 जोड़े फिर हुए एक

कार्यालय संवाददाता,उन्नाव

**अमृत विचार:** एसएसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र व विभिन्न थाना- कोतवाली में संचालित महिला हेल्पडेस्क के प्रयासों से 17 विवादित पति-पत्नी के जोड़े मतभेद भुलाकर फिर साथ रहने को राजी हो गए।

रविवार को परिवार परामर्श केंद व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने सभी विवादित जोड़ों को बुलाकर उनकी काउंसलिंग की। इसमें परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को समझाते हुए उनके विवाद को आपसी बातचीत से समाप्त कराकर उनके परिवार को टूटने से बचाया। काउंसलिंग के बाद परिवार परामर्श केंद्र से 3, थाना बारासगवर, औरास, अचलगंज, हसनगंज व सदर कोतवाली से 2-2, पुरवा कोतवाली, सफीपुर कोतवाली, थाना दही व सोहरामऊ से 1-1 जोड़े बिना विवाद के साथ रहने पर सहमत हुए। जिसके बाद उन्हें शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इसमें प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री, डॉ. एसके पाण्डेय, संजय चौरसिया, सहयोगी अंकित रघुवंशी, शिवेन्द्र सिंह व महिला हेल्पडेस्क प्रभारी संतोष कुमारी सिंह, दरोगा मिथिलेश वर्मा सहित महिला आरक्षी अंशू रानी, पूनम यादव, नीतू सिंह, रूबी, पूनम शाक्य, अंजली वर्मा, पूजा यादव, अंजली व शिखा यादव आदि का योगदान रहा।



परिवार परामर्श केंद्र में जोड़ों की होती काउंसिलिंग। • अमृत विचार

### महिला मंडल ने किया पांच कुण्डीय यज्ञ, मां गायत्री व मां कूष्मांडा से मांगी सुख-शांति

उन्नाव, अमृत विचार : शहर के कालेज रोड स्थित गायत्री मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर महिला मंडल द्वारा आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे मां गायत्री व मां कूष्मांडा की उपासना से वातावरण भक्तिमय हो गया। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि गायत्री भारतीय संस्कृति की जननी हैं और यज्ञ भारतीय धर्म के पिता हैं। बताया कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनि असुरता के निवारण हेतु बड़े-बड़े यज्ञ करते थे। यज्ञ का कुशल संचालन महिला मंडल प्रमुख दीनू शुक्ला व मालती सिंह ने किया। इस अनुष्ठान में 45 साधकों ने मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ वेदी में आहुतियां दीं और मां कूष्मांडा से आशीर्वाद लिया। इसमें सरिता शुक्ला, कृष्णा, बिट्टी, शकुन्तला, रामरती, दीपाली, सुधा द्विवेदी, माया गुप्ता, शिव कांति, प्रेमलता, संतोषी, रानी त्रिपाठी, अंशिका, मालती मिश्रा, मीरा सिंह, रंजना सिंह, अनीता बाजपेई आदि मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह | अभ्युदय सेवा संस्थान व संस्कार भारती के तत्वावधान में हुआ नव संवत्सर, होली मिलन व 'फाग' रंगत कार्यक्रम

## फाग की रंगत व ढोलक की थाप पर मगन होकर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के एक गेस्ट हाउस में अभ्युदय सेवा संस्थान व संस्कार भारती के तत्वावधान में नव संवत्सर, होली मिलन व 'फाग' रंगत कार्यक्रम हुआ। इसमें कवियों की रचनाओं व लोक गायन ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने अभ्युदय सेवा संस्थान व संस्कार भारती ने परम्पराओं को जीवित रखने की सराहना करते हुए मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेयरमैन श्वेता भानू मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षक कीर्तिशेष कुंवर राजेंद्र सिंह सेंगर को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि आगंतुकों का तिलक व अंगवस्त्र से स्वागत फिर फूलों से खेली गई होली ने एक सात्विक व उत्सवपूर्ण वातावरण निर्मित किया। संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने लोक गायिका नैना देवी द्वारा प्रस्तुत फाग की अद्भुत प्रस्तुति की सराहना की। संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया कि हम लोग छिपी प्रतिभाओं को तलाशने व तराशने का कार्य कर रहे है। संस्कार भारती के महामंत्री सियाराम पांडेय व कोषाध्यक्ष संजीव निगम ने भी अपने विचार रखे।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना गौतम बुद्ध नगर से पधारे कवि भालचन्द्र त्रिपाठी ने किया। वहीं, कानपुर के अंसार काम्बरी, राहुल विनम्र, गज़लकार अनुराग मिश्र ग़ैर, हास्य कवि अनुभव अज्ञानी, अखिलेश अवस्थी ने भी कवितापाठ कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। संस्था के महासचिव हाईकोर्ट अधिवक्ता ओपी तिवारी ने सफल कार्यक्रम की बधाई दी। संचालन संस्था सचिव अनिरुद्ध सौरभ ने किया। इसमें चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, शिशिर अस्थाना, सुरेश पांडेय, निम्मी अरोड़ा, महेंद्र शंकर त्रिपाठी, अखिलेश अवस्थी, प्रेम सिंह सेंगर, अखिलेश ओमर, अमित मिश्रा, राघव निगम, पवन निगम, विनय दीक्षित, गौरव शुक्ला, भरत चित्रांशी, गजेंद्र वर्मा, गोपाल शुक्ला, श्यामू चौरसिया, सुशील श्रीवास्तव, दिवाकर द्विवेदी, तारा निगम, कीर्ति गुप्ता, रश्मि निगम, स्मृति निगम, गीता मिश्रा, वंदना सिन्हा, दिव्या श्रीवास्तव, अर्चना पांडेय, अमिताभ त्रिवेदी, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में फाग गायन करते फगुआरे। • अमृत विचार

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खुद पर डीजल डालकर लगाई आग

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सूबेदार खेड़ा मजरा कुसुंभी निवासी राजपूत (40) का रविवार दोपहर किसी बात को लेकर पत्नी रानी से विवाद हो गया। इसके बाद वह घर से निकल गया और कुछ देर बाद वापस आने पर उसने अचानक अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। परिजनों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन राजपूत गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे लेकर सीएचसी नवाबगंज पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के रिश्तेदार श्रीराम ने बताया कि पति-पत्नी में आएदिन विवाद होता है। रविवार दोपहर भी किसी बात पर दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद राजपूत शराब पीकर आया और घरवालों को आवाज देकर अचानक अपने ऊपर डीजल डाल आग लगा ली।

### अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल संपन्न



अगले चरण के लिए चयनित खिलाड़ी। • अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि रविवार को राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज में उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल का पहला चरण संपन्न हुआ। इसमें जिले भर से आए करीब 56 पंजीकृत खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सभी खिलाड़ियों ने अपनी बैटिंग, बॉलिंग व विकेट कीपिंग का प्रदर्शन किया। इसका चयनकर्ता नवीन सिन्हा, कैलाश नेगी, अभिषेक श्रीवास्तव व ओम मिश्रा ने बारीकी से आकलन किया फिर 40 खिलाड़ियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया। अगले चरण के तहत चयनित खिलाड़ियों के सिलेक्शन मैच श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय लीग व अंडर-19 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल के बाद आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राजेश कुमार व साकिर हुसैन भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन पर कब्जा करने का आरोप, लगाई गुहार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बीडीसी सदस्य की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया और विरोध करने पर धमकियां दी जा रही हैं। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम परेली के रहने वाले बीडीसी सदस्य आशुतोष के अनुसार गांव के राकेश पाठक, गिरीश चंद्र, लालमणि, मुकेश चंद्र पुत्रगण रमेश चंद्र, शिगुलापुर के संत सागर, संजीव, सुधीर, सुनील उर्फ बबली भूमि पर कब्जा कर लिया है और मिट्टी डाल दी है जबकि वह जमीन उसके नाम है। विरोध करने पर आरोपी उसे धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित आशुतोष ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बाग में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गोलुहापुर गांव के आसपास करीब 4 माह से एक मंदबुद्धि युवक घूमा करता था। शनिवार शाम उसका शव गांव के बाहर इकबाल के बाग में पड़ा मिला। शव पड़े होने की खबर से तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए और लावारिश शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन, शिनाख्त नहीं हो सकीत्र। कोतवाल अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि शव मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विभाग की लापरवाही से मवेशी की जान गई

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** पावर हाउस से निकली 11000 लाइन जगतपुरवा गांव में लगे एक कारखाने के लिए लाइन निकली हुई थी, उसमें जर्जर तार होने के करण शनिवार को लगभग चार बजे अचानक 11000 का लाइन का तार टूट गया घर के बाहर बंधी मवेशी के ऊपर तार टूटकर गिरने से मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई।

# मिट्टी खनन में कार्रवाई का हाल : दिन में पकड़ो, रात में छोड़ो

**संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई**

- रायल्टी देख कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने छोड़ दी अवैध खनन में पकड़ी मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्राली

**अमृत विचार।** क्षेत्र में धड़ल्ले से हो दिन दहाड़े हो रहे अवैध मिट्टी खनन की उच्चाधिकारियों से हो रही बार बार शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा भू माफियाओं पर दिन के उजाले में शिकन्जा कसकर उन्हें पकड़ लिया जाता है और कार्यवाही के लिए कोतवाली परिसर लाया जाता है, लेकिन सुबह होते ही मिट्टी खनन मे प्रयोग किए गए पकड़कर लाए गए ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी सहित गायब हो जाते है, जिससे समझना मुश्किल हो जाता है कि अवैध मिट्टी खनन कर रहें भू माफियाओं पर कार्यवाही हो रही है या भोली भाली जनता और सरकार के साथ धोखा किया जा रहा है।

बताते चलें कि बीते दिनों क्षेत्र में मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली व चालक को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू की और चालक सहित मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली कोतवाली ले आई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा रात के अंधेरे में मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली छोड़ दी गई, जोकि पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है क्योंकि अगर खनन अवैध नही था तो पकड़ा क्यों और अगर खनन अवैध था तो छोड़ा क्यों?

इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पूछने पर बताया कि बीते मंगलवार को मिट्टी खनन में पकड़ी गयी ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक के द्वारा खनन सम्बन्धी कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत न किए जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली को हिरासत में लेकर दाखिल करते हुए कोतवाली परिसर में खड़ा किया गया है, और वहीं बीते गुरुवार को मिट्टी खनन में पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली मालिक द्वारा रायल्टी दिखाई गई जिसके बाद मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ दिया गया।

#### जिला खनन अधिकारी को नहीं दी जा रही जानकारी

कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा बीते दिनों मिट्टी खनन में पकड़े गए किसी भी ट्रैक्टर ट्राली की सूचना अभी तक जिला खनन अधिकारी कार्यालय पर नहीं दी गई है। शुक्रवार को हुई फोनवार्ता में पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली के बारे में जानकारी लेने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बेनीगंज ने बताया कि दिखवाते हैं अभी, पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध मिट्टी खनन में ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़े जाने की जानकारी 24 घंटों में खनन कार्यालय में पहुंचानी होती हैं जिसपर खनन अधिकारी द्वारा अंतिम कार्यवाही की जाती है। जिला खनन अधिकारी शिवदयाल सिंह ने बताया कि बेनीगंज कोतवाली पुलिस द्वारा मिट्टी खनन में पकड़े गए किसी भी ट्रैक्टर-ट्राली की उन्हें जानकारी नहीं है।

### अधिवक्ता ने छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराया केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मौला गंज निवासी एक अधिवक्ता ने फेसबुक अकाउंट पर मान हानि करने वाले एक यूजर के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस जांच पड़ताल कर रही हैं। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महमंद निवासी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह के अनुसार 6 मार्च को मोहल्ला होली कलां निवासी प्रेम शंकर गुप्ता ने अपने न्यूज़ आईडी से फेसबुक अकाउंट पर उसकी फोटो डालकर सामाजिक छवि धूमिल की और प्रतिष्ठा तथा मान सम्मान को नुकसान पहुंचाया। अधिवक्ता ने बताया कि उक्त न्यूज़ आईडी रजिस्टर्ड नहीं है। अधिवक्ता ने आरोपी यूजर आईडी संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने रविवार को बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# कई जिलों में वांछित ‘गब्बर’ को हरदोई पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

## पाली, पचदेवरा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने की कार्रवाई

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, मैनपुरी और कानपुर देहात पुलिस के लिए सिर दर्द बने शातिर चोर कुलदीप उर्फ गब्बर को आखिरकार हरदोई में पकड़ लिया गया। मुठभेड़ में पाली, पचदेवरा के साथ एसओजी, स्वाट/सर्विलांस टीम को यह कामयाबी मिली। घेराबंदी करने पर गब्बर ने गोली चला दी, बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली उसके बाएं पैर में लगी और उसके गिरते ही दबोच लिया गया। पुलिस ने उसके पास से कार, 40 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल, 20 हज़ार नकद, तमंचे व कारतूस बरामद किए गए है।

जानकारी के अनुसार पाली व पचदेवरा की पुलिस शनिवार की रात भरखनी के गयाई चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी। उसी बीच मुड़रामऊ की तरफ से आ रही कार को पुलिस के रुकने का इशारा किया। इस पर कार सवार भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया। पुलिस टीम आगे बढ़ रही थी कि अचानक कार सवार ने गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो गोली कार सवार के बाएं पैर में लगी और गिरते ही उसे दबोच लिया गया। मुठभेड़ में पकड़ा गया कुलदीप उर्फ गब्बर पुत्र श्रवण सिंह निवासी बासमई थाना नवाबगंज ज़िला फर्रुखाबाद को न सिर्फ पाली, पचदेवरा पुलिस बल्कि फर्रुखाबाद, मैनपुरी, शाहजहांपुर और कानपुर देहात की पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ था। उसके खिलाफ पाली व पचदेवरा और फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद, नवाबगंज, अमृतपुर, फतेहगढ़, मैनपुरी के अलाऊ, दन्नाहार, शाहजहांपुर के रौज़ा, एंटी पावर थोप्ट थाना और कानपुर देहात के अरौत थाने में तमाम केस दर्ज है। पुलिस ने उसके पास से ट्रांसफार्मरो से चोरी किया गया तेल, कार, 20 हज़ार कैश, तमंचे, कारतूस और तेल चोरी करने वाली जुगाड़ू चीज़े बरामद की है।

#### अलग-अलग जिलों में दर्ज हैं कुल 45 केस

**हरदोई।** पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में पकड़ा गया कुलदीप उर्फ गब्बर के शातिरपन का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसके खिलाफ पाली, पचदेवरा व बिलग्राम के अलावा फर्रुखाबाद, मैनपुरी, शाहजहांपुर व कानपुर देहात में जो 45 मामले दर्ज है, उनमें शाहजहांपुर के एंटी पावर थेप्ट थाने में अकेले 17 केस दर्ज है।

#### कहां और कब निशाना बने ट्रांसफार्मर

अवर अभियंता (छिबरामऊ) सर्वेश कुमार ने 21 मार्च को बिलग्राम पुलिस को दी तहरीर में जलालपुर के एक निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी का मामला दर्ज कराया था, 15 मार्च को पचदेवरा थाने में अनंगपुर के अवर अभियंता भइया लाल ने पचदेवरा व अनंगपुर व 14 मार्च-अवर अभियंता सुखपाल की तहरीर पर पाली पुलिस ने मुड़रामऊ व बाबरपुर के 5-5 निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी किए जाने के मामले दर्ज कराए थे, जिनकी जांच की जा रही थी।

### बिजली चोरी करते पकड़ी गईं महिलाएं चार के खिलाफ केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला खलील में बिजली विभाग की टीम द्वारा की गई औचक छापेमारी में तीन महिलाओं सहित चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। चारों के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज कराया गया।

बिजली विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अधिशासी अभियंता के निर्देश पर अवर अभियंता दीपक कुमार 33 केवीए विद्युत सब स्टेशन इसलामगंज संविदा कर्मी सौम्य वर्मा और बिजनेस आदि के साथ चेकिंग अभियान पर निकले। मोहल्ला खलील में हिमांशु पुत्र राजीव कुमार, मेहनाज बेगम पत्नी हसीन खान, शिवानी यादव पत्नी सुशील एवं निगार बेगम पत्नी बशीर खान को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। बिजली चोरी करने वाले सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ अवर अभियंता दीपक कुमार ने केस दर्ज कराया है।

### जिला क्रीड़ा अधिकारी ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**संवाददाता, हरदोई,**

जूडो प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को जिला स्तरीय जूडो महिला/पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि का छोटे भइया ने पटका पहनाकर तथा विनय ने बैच लगाकर व जिला क्रीडाधिकारी मंजू शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जूडो प्रतियोगिता में महिला वर्ग में ग्रुप माइनस 40 किग्रा में अध्यांशी ने प्रथम, अवनी ने द्वितीय तथा विनीता व फूलन देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 44 किग्रा में देवकी प्रथम, पायल द्वितीय, मांशी व वैशाली तृतीय स्थान प्राप्त किया। 48 किग्रा में मधू शर्मा प्रथम, शालिनी द्वितीय, मोहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 52 किग्रा में गौरी प्रथम, शिखा द्वितीय, अंशिका व अनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 56 किग्रा में कोमल प्रथम, कुसुम द्वितीय, अंशुल तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में माइनस 50 किग्रा में कृतज्ञ ने प्रथम, केशव पाल द्वितीय, अर्पित व जीतू तृतीय स्थान हासिल किया है। माइनस 55 किग्रा में अंश प्रथम, रिषभ जाटव ने द्वितीय तथा अनिकेश कुमार व धर्मदास ने तृतीय स्थान हासिल किया। माइनस 60 केजी में रिषभ प्रथम, नितिन कुमार द्वितीय, आशीष वर्मा व आशीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 65 किग्रा में शिवांश दिक्षित प्रथम, अजय श्रीवास्तव द्वितीय, आकाश पाल व विकाश कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए। जूडो प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अनुपम पाल, सौरभ पाल, नीरज, सुभाष, देवेश, हरीश, श्रीपाल, विनय गौतम, रमेश आदि ने निभाई।

# वरिष्ठ पत्रकार का बीमारी से निधन



**साण्डी (हरदोई)।** वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिश्रा का लंबी बीमारी के उपरांत उनके साण्डी स्थित आवास पर रविवार दोपहर 4:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से शोक की लहर फैल गई है।

विदित हो कि पत्रकार एडवोकेट अनिल मिश्रा विगत एक वर्ष से कैंसर से पीड़ित थे एवं उनका उपचार दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट में चल रहा था। लंबे उपचार के बाद भी उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं आया तथा उनकी स्थिति दिन प्रतिदिन और अधिक बिगड़ती चली गई। डॉक्टरों द्वारा जवाब देने के उपरांत वह विगत कुछ सप्ताह से अपने साण्डी स्थित आवास पर उपचार करा रहे थे। रविवार 22 मार्च को दोपहर 4:00 बजे उन्होंने संसार को अलविदा कह दिया। उनके निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा तथा चारों ओर शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न पत्रकारों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। अपने पीछे वह अपनी बिलखती पत्नी तथा एक पुत्र व पुत्री को छोड़ गए हैं। उनका निधन जिले में पत्रकारिता एवं समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। दिवंगत पत्रकार का अंतिम संस्कार सोमवार 23 मार्च को दिन में 12:00 बजे मेहंदी घाट पर किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा 10:00 बजे साण्डी के मीठा कुआं स्थित उनके पैतृक निवास से रवाना होगी।

### ट्रक ने मारी टक्कर डीसीएम चालक की मौत

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** इटावा सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कानपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर विचारपुरा गांव के सामने रविवार तड़के सड़क किनारे खड़ी डीसीएम का टायर बदल रहे चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं कि आलोक कुमार (32) पुत्र शिव दयाल बाजपेयी, निवासी सहुआपुर, थाना पचदेवरा, जनपद हरदोई था और दिल्ली से कोलकाता की ओर डीसीएम लेकर जा रहा था। तड़के करीब 3 बजे गाड़ी पंचर होने पर उसने अपने साथी मनोज कुमार को फोन कर मदद के लिए बुलाया था।

# तीन वाहनों के बीच भीषण भिड़ंत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के साण्डी रोड स्थित ग्राम नाऊपुरवा (मजरा पसनेर) के पास शुक्रवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। साण्डी की ओर से आ रहे डंपर और बिलग्राम की तरफ जा रही डीसीएम के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे से आ रही मारुति सुजुकी सियाज़ कार भी अनियंत्रित होकर डीसीएम में जा घुसी। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। इस हादसे में कार चालक जीतू तिवारी निवासी भीखपुर थाना सांडी, डीसीएम चालक विकास निवासी ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) तथा यश घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां यश को जिला अस्पताल हरदोई रेफर किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की स्थिति सामान्य है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन। अमृत विचार

### खड़ी बस से टकराते ही आग का गोला बनीं लग्जरी कार

**हरदोई, अमृत विचार।** रफ्तार में दौड़ी आ रही लग्ज़री कार ने बस में ज़ोरदार टक्कर मारी और पल में ही वह आग का गोला बन गई, उसमें फंसे कार सवार बमुश्किल बाहर निकले। हैरान करने वाला हादसा शनिवार की देर रात रोडवेज़ बस अड्डे के पास होना बताया गया है। बताते है कि शनिवार की देर शहर की चहल-पहल थम चुकी थी, उसी बीच एक तेज़ रफ्तार लग्ज़री कार दौड़ती हुई आई और सड़क किनारे खड़ी बस में ज़ोरदार टक्कर मार दी, उसके टकराते ही कार में आग लग गई, उसमें तीन लोग सवार थे, जो बमुश्किल बाहर निकले और मौके से भाग निकले। कार से उठ रहीं आग की लपटों को देखकर भीड़ इकट्ठा हो गई। वहां पहुंचे दमकल कर्मी तकरीबन आधे घंटे तक जूझते रहे। तब कहीं आग काबू हो सकी, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# रात में महिला को बच्चा चोर समझकर ग्रामीणों ने पीटा

**संवाददाता, पुरवा उन्नाव**

- गंभीर रूप से घायल महिला जिला अस्पताल के लिए रेफर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव कटहर में शुक्रवार रात एक 30 वर्षीय महिला को बच्चा चोर समझ ग्रामीणों ने पीट दिया। उसे ग्रामीणों द्वारा पीटे जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में एक महिला को ग्रामीण पीटते दिख रहे हैं। हालांकि, ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

बताया जा रहा है एक 30 वर्षीय महिला कई दिनों से चमियानी व आसपास के गांव में घूम रही थी। बीती रात वह घूमते हुए कटहर गांव पहुंच गई। जहां ग्रामीणों ने उसे बच्चा चोर समझ पीट दिया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस महिला को सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों की मानें तो महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। क्षेत्र में वह कई दिनों से घूम रही थी। महिला ने अपना नाम ललिता बताया है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है। ग्रामीणों ने उसे बच्चा चोर समझकर पीटा था। मामले की जांच की जा रही है।

# खाद्य विभाग की टीम पहुंचते ही गिरने लगे दुकानों के शटर, 8 के लिये सैंपल

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** नवरात्रि को लेकर कस्बा बीघापुर में सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह के नेतृत्व में जांच टीम पहुंचने से दुकानदारों में खलबली मच गई। ज्यादातर दुकानदार दुकानों के शटर गिराकर भाग निकले। वहीं दुकानदारों को सूचना न मिलने पर वे दुकान बंद नहीं कर सके। जिससे 8 दुकानों में सैंपल लिए गए।

बता दें कि रविवार दोपहर सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कटियार, पल्लवी शर्मा, रुचि बाजपेई, राजेंद्र प्रताप पांडे, पल्लवी शर्मा, आशीष वर्मा कस्बा बीघापुर की नागेश्वर रोड व सब्जी मंडी में पहुंचे। जांच टीम देख दुकानों के शटर गिरने लगे। ज्यादातर दुकानदार दुकानें बंदकर रफूचक्कर हो गए। जो दुकानें बंद नहीं कर सके वहां पहुंचकर टीम ने सैंपल लिये। सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका ने बताया कि कस्बे में ज्यादातर दुकानें बंद मिलीं। सब्जी मंडी स्थित शैलेंद्र किराना, अशोक किराना, श्याम सुंदर किराना, कुमार स्वीट, सोनू मोनू चाट, सोनू पंसारी आदि में सैंपल लिए गए है। छोटी दुकानों को भी चेक किया गया। सभी को निर्देश दिए गए कि गुणवत्ता विहीन सामान की बिक्री न करें।



जांच करती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

# गांव से बाहर युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

- करीब एक सप्ताह पहले पत्नी के साथ की थी मारपीट

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** पत्नी से विवाद के बाद पति ने पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के दुंदपुर गांव में श्यामू (35) पुत्र स्व. रामराखन मजदूरी करता था। शनिवार दोपहर वह घर से बिना बताए निकल गया और शाम तक नहीं लौटा। इस पर भाइयों ने उसकी तलाश की तो गांव के बाहर बृज किशोर पटेल के खेत में लगे आम के पेड़ में उसका शव गमछे के फंदे से लटका मिला।

भाई दिलीप की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। श्यामू 4 भाइयों में छोटा था। भाई दिलीप ने बताया कि करीब 7 दिन पहले श्यामू की पत्नी सविता से कहासुनी हुई थी। इसमें मारपीट के दौरान सविता के कान में चोट आई थी। इस पर वह बेटे अंशु व अभी के साथ मायके नसीरपुर चली गई थी। इससे श्यामू परेशान था। उसकी मौत से मां राजरानी बेहाल है। कोतवाल राजपाल ने बताया कि युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की थी। पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का अभी कोई आरोप नहीं है।

### बहनोई के घर आए युवक ने की खुदकुशी

**उन्नाव, अमृत विचार।** बहनोई के यहां आए साले का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव भांडी-सलेमपुर निवासी रंजीत (22) पुत्र रामप्रसाद शटरिंग मजदूर था। वह 4 दिनों से पुरवा कोतवाली क्षेत्र के घूरखेत गांव निवासी अपनी बहन मालती पत्नी रामप्रसाद के यहां रुका था। रविवार दोपहर रंजीत ने बहनोई के घर पर फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने जांच कर शव की पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई शुरू की है। रंजीत की मौत की खबर से उसके परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि फांसी लगाने की सूचना मिली थी। जांच कर आगे की कार्रवाई चल रही है।

उद्घा | विधायक की पत्नी ने किया ट्रैक्टर एजेंसी का उद्घाटन, कहा

# प्रदेश में खुले रोजगार के नए द्वार : विभा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के कटरा-बिल्हौर बाईपास मार्ग पर नई ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ हुआ। भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार की पत्नी विभा कटियार ने फीता काटकर एजेंसी का उद्घाटन किया।

इसके बाद विभा कटियार ने योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश में उद्योग, व्यापार व रोजगार के नए द्वार खुले हैं। आज कानून व्यवस्था इतनी सुदृढ़ है कि व्यापारी बिना किसी डर के निवेश व कारोबार कर रहा है। गुंडे जेल में हैं और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। समारोह में कंपनी के टेरिटरी मैनेजर बृजेश व इंजीनियर अजय कुमार ने मशीनरी की बारीकियों से लोगों को अवगत कराया। एजेंसी संचालक मो. नफीस व अमित तिवारी ने अतिथियों का आभार जताते हुए क्षेत्र के किसानों को बेहतर सेवा देने का संकल्प दोहराया। इसमें पूर्व पालिकाध्यक्ष इजहार खान ‘गुड्डू’, सुमित तिवारी, पुष्कर शुक्ला, मो. रईस, शानू खान, मो. रफ़ीक, मो. हसीब, मो. हसीन, मो. शरीफ, शब्बू खान आदि रहे।



ट्रैक्टर एजेंसी की फीता काटकर उद्घाटन करतीं विभा किटयार।

# गुजरात में सड़क हादसे में मरे युवक का शव पहुंचा गांव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**

**अमृत विचार।** उन्नाव में मजदूरी करने वाले युवक की गुजरात में सड़क हादसे में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मौरावां पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। मौरावां थानाक्षेत्र के रामकिशुन खेड़ा गांव निवासी विजय पाल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह मजदूरी कर परिवार पालता था। बीती 12 मार्च को वह गुजरात के अहमदाबाद में सड़क निर्माण कंपनी में काम करने गया था। बीती 20 मार्च को वह वहीं सड़क हादसे का शिकार हो गया। इसमें उसकी मौत हो गई। पिता सूरजभान ने बताया कि गुजरात से कंपनी के कर्मियों ने 20 मार्च को बेटे की मौत सूचना दी थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर भेजा गया। रविवार को शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पिता के मुताबिक वह 4 बहनों में इकलौता भाई था। बताया कि अभी सिर्फ बड़ी बेटी गायत्री की शादी हुई है। 3 बेटियां ज्योति, स्वाति व राधा अविवाहित हैं। विजय पाल की मौत से सभी बेहाल हैं। दरोगा केपीएम सक्सेना ने बताया कि अहमदाबाद में युवक की मौत हुई थी। शव का अंतिम संस्कार कराया गया है।

### ट्रक-कंटेनर की टक्कर में चालक हुआ घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र के कोरारी गांव निवासी ट्रक चालक अंकित गैस सिलेंडर लादकर बिल्हौर जा रहा था। तभी रविवार सुबह 7 बजे बांगरमऊ- बिल्हौर मार्ग स्थित नानामऊ गंगापुल पर सामने से कंटेनर ने ट्रक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों वाहनों के केबिन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं ट्रक चालक अंकित घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर दिया। वहीं, कंटेनर चालक भाग निकला। इसके बाद क्षतिग्रस्त वाहनों से आवागमन बाधित हो गया। जिन्हें पुलिस ने क्रेन से हटवाकर आवागमन बहाल कराया।



बैठक करते व्यापारी। अमृत विचार

### खाद्य विभाग की नई लाइसेंस नीति से व्यापारियों में हर्ष, 100 रुपये में कर सकेंगे 1.5 करोड़ का व्यापार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर उप्र उद्योग व्यापार संगठन की एक बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने खाद्य विभाग द्वारा लाइसेंस व्यवस्था में किए गए बदलावों का स्वागत किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री व संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। संगठन के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब व्यापारी मात्र 100 रुपये का लाइसेंस शुल्क जमा कर डेढ़ करोड़ तक का सालाना कारोबार कर सकेंगे। कहा कि इससे पहले 100 रुपये वाले लाइसेंस की पात्रता सीमा मात्र 12 लाख रुपये थी। इसे बढ़ाकर अब डेढ़ करोड़ कर दिया गया है। जो व्यापारियों के हित में एक सराहनीय कदम है।

**न्यूज ब्रीफ**

### कोतवाली परिसर में हुआ विदाई समारोह

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** राघौपुर चौकी इंचार्ज प्रदीप पाण्डेय और उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन कोतवाली परिसर में रखा गया। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय, उपनिरीक्षक राधेश्याम, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, दीवाना अवधेश शाक्य, नकुल, काली चरण सहित पुलिस स्टॉफ ने माला पहनाकर विदाई दी।

### मंदिर की वर्षगांठ पर हुआ भंडारा

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** मंदिर की वर्षगांठ पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। विकास खण्ड क्षेत्र के गांव हुमायूपुर मजरा शुक्लापुर भगत में स्थित शिव परिवार बाला जी मंदिर की तृतीय वर्ष गाठ पर अरविन्द गुप्ता राहुल ने सपरिवार पूजन कर सब्जी पूड़ी का भण्डारा किया गया। आस पास गावों आये भक्तों ने श्रद्धा भक्ति के साथ प्रसाद ग्रहण किया है।

### अकीदत के साथ मना 815वां कुल शरीफ

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में हज़रत ख़्वाजा इमादुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहि का 815वां कुल शरीफ इतवार की सुबह अकीदत और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम हज़रत सैय्यद उवैसे मुस्तफा वास्ती की सरपरस्ती में आयोजित हुआ, जबकि इसकी निगरानी सैय्यद फ़ैजान मियां वास्ती, सैय्यद सालार हसन वास्ती, सैय्यद हाशिम मियां वास्ती और मौलवी फ़ैज़ आलम ने की। सुबह फजर की नमाज़ के बाद कुरानख्वानी, नात और मनकबत पेश कर ख़्वाजा साहब को खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया। कुल शरीफ में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर दुआएं मांगीं और अपने दिली जज़्बात का इज़हार किया। कुल शरीफ के बाद अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया गया।

# किसी को सताने वाला सच्चा मुसलमान नहीं

## ईद पर हुई खुशियों की दीद, मौलाना अफ़्ज़ारहमान ने ईदगाह में तकरीर कर दी नेक नसीहतें

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रोज़े रखते हुए रात-दिन इबादत करने वाले बंदों ने खुदा के आगे रोते हुए बंदिगी कुबूल करने की दुआ मांगी। शहर की ईदगाह में मौलाना अफ्ज़ारहमान ने नमाज़ से पहले तकरीर करते हुए नेक बातों पर बात की। कहा कि किसी को सताने या दूसरों का हक़ मारने वाला सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता। उन्होने रोज़ा-नमाज़ पर कसरत से अमल करने की नसीहत करते हुए कहा कि जो दूसरों को खुश करता है, उससे खुदा भी खुश होता है और उसे अपने तमाम नेंयमतों से मालामाल कर देता है। उसके बाद जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती आफताब आलम मज़ाहिरी ने ईदुल फितर की नमाज़ अदा कराई। इस बीच नमाज़ियों ने खुदा के आगे हाथ फैला कर अपनी बंदिगी कुबूल करने, मुल्क में सलामती और सुकून की दुआ मांगी। इसी तरह जामा मस्जिद में मुफ्ती वकील अहमद कासिमी ने नमाज़ अदा कराई, उन्होने इस्लाम के हवाले से कई नसीहतें दी। इसके अलावा मस्जिद सुंदर दाई, मस्जिद हक्की, मस्जिद नुमाइश पुरवा, मस्जिद मोमिनाबाद, मस्जिद नूर, मस्जिद मोहम्मदी, मस्जिद पुलिस लाइन, मस्जिद सेठानी, मस्जिद मंगली पुरवा, मस्जिद अब्दुल पुरवा, मस्जिद सेठानी, मस्जिद चौहान थोक में भी तय वक्त पर ईद की नमाज़ अदा की गई।

ईदुल फितर की नमाज़ अदा करने के बाद ईदगाह से बाहर निकले नमाज़ियों के ऊपर वहां पहले से मौजूद कांग्रेसी नेताओ ने उनके ऊपर गुलाब के फूल बरसाते हुए उन्हे गले लगाया। इस बीच कांग्रेसियों की टीम में ज़िलाध्यक्ष विक्रम पाण्डेय के साथ पूर्व ज़िलाध्यक्ष अजय सिंह, राजीव सिंह व नगर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने नमाज़ियों के साथ कदमताल करते हुए बराबर फूल और साथ में नन्हे नमाज़ियों को गोद में उठा कर उन पर अपना दुलार बरसाया।



ईद की नमाज अदा कर दुआ मांगते नमाजी। अमृत विचार



गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई देते लोग। अमृत विचार



नमाजियों के ऊपर फूल बरसाते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाई गई ईद

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम नगर में ईद का पर्व पूरे उत्साह, उल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नगर की मस्जिदों और ईदगाहों पर नमाज़ अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। तय समय पर ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में नमाज़ अदा की गई, जिसमें हजारों रोज़ेदारों ने शिरकत कर देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। इस मौके पर आसिफ अली शम्मू अपने समर्थकों के साथ ईदगाह पहुंचे और लोगों को गले लगाया। इमरान मंसूरी भी शामिल रहे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पति राजारमन गुप्ता ने लोगों से गले मिले। मल्लावां कस्बे के बगदाद स्थित ईदगाह पर सुबह 8:30 बजे मौलाना मो. रिजवान मजाहिरी ने नमाज अदा कराई। उन्होंने दुआ में सभी मुल्कों में अमन कायम रखने दुआ मांगी। इसके आलावा चुंगी नंबर 1 वाली मस्जिद, दादे मियां मस्जिद, छत्ता टोला मस्जिद, काजीटोला मस्जिद, सरांय वाली मस्जिद सहित अन्य जगहों पर अता कराई गईं। ग्रामीण क्षेत्र गंजजल्लाबाद, मटियामऊ, बिराइचमऊ, हरिपुरा, गौरी, सहित अन्य जगहों पर शांति और सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम और चेयरमैन पति रियाज अहमद ईद पर गले लगाया और जल पान आदि कराया। सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई दी। पूर्व चेयरमैन अजय मुंशी, समाज सेवी विशाल जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष खालिद खां, बसपा नेता शहीद अंसारी नेता, समाजसेवी जावेद अंसारी, पूर्व सभासद अनुराग मिश्रा, सभासद इंतिसार अंसारी, इक़बाल अंसारी सहित तमाम लोगों ने मुबारकबाद दी। सुरक्षा को लेकर कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय पुलिस फ़ोर्स के साथ बने रहे। सांडी संवाददाता के अनुसार यहां ईदगाह में ईद की नमाज की अदा की गई। पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद गुप्ता, अनिल गुप्ता ने लोगों को गले मिलकर मुंह मीठा कराया। भाजपा नेता प्रमाण त्रिपाठी व वर्तमान अध्यक्ष ने भी गले मिलकर शुभकामनाएं दी। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार शाहजहांपुर रोड स्थित ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज शनिवार को सुबह 7:30 बजे अदा की गई। इस मौके पर मुल्क में अमन, चैन और तरक्की के दुआएं मांगी गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई इस नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह से ही ईदगाह पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होने लगे थे। इस मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एडीएम प्रियंका सिंह, एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय सहित पुलिस और पीएसी के जवान मौजूद रहे। जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज संपन्न होने के बाद मस्जिद से बाहर निकलने वाले लोगों से गले मिलकर पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। बेनीगंज संवाददाता के अनुसार लोगों ने ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज पढ़ी, जिसके बाद ईदगाह पहुंचे अन्य सम्प्रदाय के लोगों ने भी एक-दूसरे को गले लगाते हुए मिठाई खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान मौके पर उपस्थित पुलिस महकमे के लोगों ने भी मिठाई खिलाकर सभी को ईद की मुबारकबाद दी।



बिलग्राम में एक-दूसरे के गले मिलते नमाजी। अमृत विचार



कुछ इस अंदाज से मनाई ईद की खुशियां। अमृत विचार



शाहाबाद में लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू। अमृत विचार

# डॉ. सन्तोष पाण्डेय प्रदेश के अग्रणी रचनाकार : डॉ. नरेश

संवाददाता, हरदोई

- नव संवत्सर के कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ साहित्यकार को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद' की हरदोई इकाई द्वारा रविवार को सी. एस. एन. (पी. जी) कॉलेज में 'नवसंवत्सर एवं नवरात्र' के कार्यक्रम में जनपद के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. सन्तोष पाण्डे को 'वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान' से विभूषित किया गया। इस अवसर पर नवसंवत्सर का महत्त्व एवं नवरात्र की उपादेयता' विषम पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। डॉ. नरेश चन्द्र शुक्ल ने सम्मानित होने वाले प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. सन्तोष पाण्डेय को हरदोई ही नहीं, अपितु प्रदेश का अग्रणी रचनाकार बताया। जिन्होंने 'मृत्यु और मोक्ष', 'मरघट' तथा 'गुरुदेव गाथा' आदि कालजगी ग्रन्थों की रचना की। देश-प्रदेश के काव्य-मंचों पर वे एक सशक्त हस्ताक्षर माने जाते हैं। श्री पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक परिपत्र भी वितरित किया गया। 'नव-संवत्सर एवं नवरात्र का माहात्म्य' विषय पर बोलते हुए परिषद के अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मस्वरूप पाण्डेय ने 'संवत्सर' का प्रारम्भ वेदों से जोड़ते हुए, इसे भारतीय समय-गणना और नक्षत्र-विद्या का सटीक आधार बताया। इस विषय पर उन्होंने अपना एक परिपत्र भी सभी को वितरित किया। उन्होंने 'शक्ति' के विविध रूपों का वर्णन करते हुए नारी के सभी रूपों को सम्माननीय बताया। डॉ ईश्वर चन्द्र वर्मा ने नवरात्र के अवसर पर नारी पर घरेलू हिंसा को त्यागने के बारे में कहा- 'जो लोग नवरात्र में कुछ दिन कठिन व्रत रहकर, खर्चीला अनुष्ठान कर, माँ दुर्गा की शतमुख से आराधना कर, अपने व्यावहारिक जीवन में नारियों का सम्मान नहीं करते और उन्हें प्रताड़ित करते हैं, वे ढोंगी एवम् पाखण्डी हैं। डॉ. शीला पाण्डेय, आचार्य शिवशरण सिंह चौहान, डॉ. एस. के. सिंह, मदनमोहन पाण्डेय, राजकुमार सिंह सोमवंशी प्रखर' तथा सुशील कुमार वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। एकल काव्य-पाठ के अन्तर्गत डॉ. सन्तोष पाण्डेय ने अपनी ओजरस की कविताओं के द्वारा सभी को भाव-विभोर कर दिया। मंच का संचालन डॉ. शीला पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अबीर-गुलाल से सदस्यों को तिलक लगाकर, आपस में गले मिलकर, होली- होली-मिलून कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।



वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष पांडेय को सम्मानित करते हुए डॉ. नरेश चन्द्र शुक्ल।

# माता-पिता का आशीर्वाद सबसे बड़ा धन

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम जफरपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास पूज्य संजय मिश्रा जी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और जीवन मूल्यों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में संतों के दर्शन और भगवान की कथा का श्रवण अत्यंत दुर्लभ होता है, यह सौभाग्य केवल भाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है।

महाराज जी ने कहा कि संसार में धन, पद और प्रतिष्ठा का होना विशेष नहीं है, बल्कि सच्चा धन माता-पिता का आशीर्वाद है। उन्होंने रावण का उदाहरण देते हुए बताया कि वह अत्यंत विद्वान और वेदों का ज्ञाता था, लेकिन धर्म से विचलित होने के कारण उसका अंत विनाशकारी हुआ। इससे स्पष्ट है कि ज्ञान, शक्ति और सामर्थ्य के बावजूद यदि जीवन में धर्म नहीं है तो पतन निश्चित है। कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो मनुष्य को संस्कारवान बनाकर उसके चरित्र का निर्माण करे और परिवार, समाज व संस्कृति को जोड़कर रखे। इस अवसर पर यजमान योगेश प्रताप सिंह, आयोजक अशोक सिंह चौहान सहित समस्त चौहान परिवार एवं क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भरत, ध्रुव व वामन अवतार की सुनाई कथा

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा व्यास पंडित वशिष्ठ जी महाराज ने जड़ भरत, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार की कथा का बहुत सुंदर सजीव वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जड़ भरत बाहरी रूप से वे साधारण और मूर्ख दिखते थे, लेकिन भीतर से अत्यंत ज्ञानी और आत्मज्ञानी थे। भगवान विष्णु ने ध्रुव को अमर पद दिया। आकाश में स्थिर स्थान, जिसे आज हम ध्रुव तारा के रूप में जानते हैं। उन्होंने कई लोगों को आत्मा, कर्म और मोक्ष का गहरा ज्ञान दिया। वामन अवतार का छोटा (बावन अंगुल) शरीर था। वामन भगवान राजा बलि के यज्ञ में पहुँचे और दान में केवल तीन पग भूमि मांगी। राजा बलि ने वचन दे दिया, तभी वामन भगवान ने विशाल रूप धारण कर लिया।

# सशक्तीकरण की मिसाल हैं आशा बहुएं : अशोक कुमार

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को नौ दिवसीय कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन गांधी भवन सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में आशा बहुओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक कुमार मौर्य ने कहा कि चिकित्सा विभाग में आशाएं महिला सशक्तीकरण की मिशाल है जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के प्रसव एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करती है। उन्होने कहा आशाएं अपने आचारण तथा व्यवहार से लोगों में अपनी पहचान बनाये रखें और निडर होकर अपने कार्यो को पूरे मनोयोग के साथ करें।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भावनाथ पाण्डे ने कहा कि आगामी एक अप्रैल से संचारी रोग एवं दस्तक अभियान प्रारम्भ हो रहा है और इस अभियान में आशा घर-घर जाकर एक से पांच वर्ष तक के बच्चों, महिलाओं, बूढ़े जो बुखार से पीड़ित है पहचान कर उनकों तत्काल निकट के स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जांच कराये तथा उचित दवायें उपलब्ध करायें।

### अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव सूरत खेड़ा में सार्वजनिक कच्ची सड़क पर निर्माण कार्य से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया तो निर्माणकर्ता झगड़े पर आमादा हो गया। मामले में ग्राम प्रधान सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने थाने पर तहरीर देकर निर्माण कार्य रुकवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के राम लखन ने कछौना संपर्क मार्ग से माइनर तक बनी कच्ची सड़क पर नींव खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। ग्राम प्रधान हेमलता सहित अन्य ग्रामीणों ने थाने में शिकायत दी है। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच की जा रही है।




### नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने की मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को मंदिरों व घरों में भक्तों ने मां कूष्मांडा का पूजन अर्चन किया। इसके बाद देवी जी को फल, मिठाई आदि से भोग लगाया गया। उसके उपरांत भक्तों ने उपवास रख कर मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की। चैत्र नवरात्र को रविवार को भी मां श्रवण देवी मंदिर, संतोष माता मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, फूलमती मंदिर, सिद्धबाबा मंदिर, सर्वेश्वर नाथ आदि में सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। यहां आने जाने वालों की भीड़ लगी रही। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के आसपास पुलिस बल भी तैनात किया गया।

# पत्नी से झगड़ कर युवक ने खुद के सीने पर दाग़ी गोली

**हरदोई, अमृत विचार।** घरेलू बात पर दंपति के बीच झगड़ा हो गया। उसी बीच पति तमंचे से खुद को गोली मार ली। आनन-फानन में उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मामला साण्डी थाने के भटौली माफ़ी का बताया गया है। पुलिस भी आपसी झगड़ा बताते हुए गहराई से जांच किए जाने की बात कही है।

साण्डी थाने के भटौली माफ़ी निवासी मोहित (25) पुत्र संजय खेती के अलावा भैंस की खरीद-फरोख्त करता हैं। रविवार की दोपहर पिता संजय खेत पर गया हुआ था। मोहित, पत्नी मीना व डेढ़ महीने की बच्ची के साथ घर पर था। तभी किसी बात पर मोहित और मीना के बीच झगड़ा हो गया। कोई कुछ समझ पाता, उसी बीच मोहित तमंचे से अपने सीने पर गोली मार ली। पति को खून से लथपथ देख मीना चीखने-चिल्लाने लगी। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और मोहित को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, वहां डाक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए तुरंत हायर सेंटर लखनऊ भेज दिया। मोहित और मीना की शादी साल 2025 में हुई थी।

**शुभारंभ** | नघेटा रोड पर लिटिल मिलेनियम स्कूल की नई शाखा का मंत्री नितिन अग्रवाल व जिपं अध्यक्ष प्रेमावती ने किया उद्घाटन

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में महती भूमिका निभाते हैं प्री-स्कूल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के नघेटा रोड स्थित बाबूलाल गुप्त मोंटेसरी स्कूल परिसर में लिटिल मिलेनियम स्कूल की नई शाखा का रविवार को भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री नितिन अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती उपस्थित रहीं। अतिथियों ने फीता काटकर विद्यालय का उद्‌घाट किया और मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शुभारंभ से पहले दोनों अतिथियों ने प्रकाश चंद्र गुप्त एडवोकेट 'सत्तू बाबू' की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं पूर्व डीजीसी सिविल अविनाश चंद्र गुप्त ने मंत्री नितिन अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए। मंत्री ने कहा कि यह स्कूल बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा का एक सशक्त मंच साबित होगा, जहां वे अभिभावकों से अलग रहकर अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक व्यवहार सीखेंगे। इस तरह के प्री-स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार बाबूलाल गुप्त मोंटेसरी स्कूल ने शहर में अपनी पहचान बनाई है, उसी प्रकार लिटिल मिलेनियम स्कूल भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और बच्चों में अच्छे संस्कार व आदतें विकसित करेगा। शिक्षाविद तारकेश्वर प्रसाद ने कहा कि आधुनिक समय में इस तरह के प्री-स्कूल बच्चों को विद्यालयीन वातावरण के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। राकेश अग्रवाल, राजीव मोहन अवस्थी, पंकज अवस्थी, गौरव भदौरिया, सुरेश चंद्र अवस्थी, श्रवण मिश्र राही, वेद प्रकाश गुप्ता, गंगा शरण गुप्ता, गोपाल द्विवेदी तथा बार एसोसिएशन अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी ने भी अपने विचार रखे।



लिटिल मिलेनियम स्कूल की नई शाखा का फीता काटते मंत्री नितिन अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

# पानी की एक-एक बूंद है कीमती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से हरी सुधा सोशल सिफार्म के बैनर तले ग्राम सभा बेहटी में नाटक 'कीमत एक बूंद की' का मंचन किया गया। जिसका लेखन व निर्देशन मनमोहन सिंह 'जोती' द्वारा किया गया। कलाकारों ने मनोरंजक ढंग से आम जन मानस को पानी की कीमत के बारे में जागरूक किया। समाज में पानी की बर्बादी अगर ऐसे ही चलती रही तो आने वाले समय में सम्भव है अगला युद्ध पानी के लिए हो सकता है।

मुख्य भूमिका में श्याम सुंदर वर्मा, दुलीचंद, अमर सिंह, मुस्कान, लक्ष्मी देवी, सिमन अंसारी, रजनीश कुमार, राजेश कुमार, राम सनेही देवी, नागपाल, रंजीत सिंह, ओमपाल सिंह, सुरेंद्रनाथ, राधेश्याम, शिवम आदि कलाकारों ने अपने अभिनय से आम जनमानस को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया।



लोगों को जागरूक करते कलाकार। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### सर्पदंश से महिला की इलाज के दौरान मौत

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरगदहा मजरा खानपुर मोहदीनपुर में खेत में काम करते समय सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, गांव निवासिनी शाहजहां (48) पत्नी आबिद अली बीते मंगलवार को अपने लाही के खेत में काम करने गई थीं। इसी दौरान उन्हें एक जहरीले सांप ने डस लिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद किसान मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्रीय लेखपाल हिमायतुल्ला ने बताया कि सर्पदंश से मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही प्रशासन की ओर से निर्धारित मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी का खुलासा नहीं धरने पर बैठा परिवार

**सीतापुर, अमृत विचार।** सकरन क्षेत्र के ग्राम दुगाना गांव में इन्द्रपाल यादव के घर चोरी हो गई थी। वारदात का खुलासा नहीं हुआ। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, उन लोगों ने थाने से लेकर सर्किल प्रभारी कार्यालय तक के चक्कर लगाए लेकिन नतीजा शून्य रहा। ऐसे में परिवार घर से निकलकर धरने पर बैठा। इंद्रपाल ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वह लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष सपरिवार आत्मदाह कर लेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं लेकिन खुलासा नहीं हो पा रहा है।

# कहीं काली पट्टी बांध पढ़ी नमाज, कहीं रस्में हुईं अदा

## जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पढ़ी गई ईद की नमाज

**अमृत विचार टीम सीतापुर**

ईद-उल-फित्र परंपरागत और सादगी के साथ संपन्न हुई। बड़ी संख्या में नमाज अदा करने वालों ने ईरान के लीडर की मौत पर शोक जताया, अमेरिका-इजराइल के विरोध में हाथ में काली पट्टियां भी बांधीं। डीएम-एसपी की अगुवाई शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस-पीएसी और क्यूआरटी सक्रिय रही। शहर की ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना शौकत अली कासमी ने पढ़ाई, सादगी के हुई नमाज के बाद मुल्क के अमन- चैन और तरक्की की दुआएं की गईं। ईदगाह के बाहर मौजूद डीएम डॉ. राजा गणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल ने सभी को मुबारकबाद दी। सांसद राकेश राठौर, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि नमीन्द्र अवस्थी, मुनीन्द्र अवस्थी, भाजपा नेता सागर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अतिथिगणों ने पहुंचकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इसी कड़ी में खैराबाद में ईदगाह के अलावा अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज संपन्न हुई।

**शिया समुदाय ने शहादत पर जताया विरोध: रामपुर मथुरा:** नमाज के दौरान एक विशेष दृश्य बांसुरा गांव में देखने को मिला, जहां शिया समुदाय के परिवारों ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की शहादत पर अपना विरोध और दुख प्रकट किया।



ईद की मुबारकबाद देते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार



बांसुरा कस्बे में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करते नमाजी। अमृत विचार

### मछरेहटा में सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त

**मछरेहटा, सीतापुर।** ईदगाह के सदर मोहम्मद सगीर उर्फ लाला और नायब मोहम्मद नईम, काजी असलम ने सभी क्षेत्रवासियों को ईद के मौके पर बधाई दी। भारी तादाद में दुकानदार भी पहुंचे और देखते देखते पूरा मैदान मेले में तब्दील हो गया। नये कपड़े पहने छोटे बच्चों ने खाने पीने की चीजें और खिलौने खरीदें। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मिश्रिख एसडीएम, सीओ विशाल गुप्ता और थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### सब्र और शुक्र के साथ बिताएं जीवन

**खैराबाद, सीतापुर।** दरगाह हाफिज असलम मियां में नमाजियों को संबोधित करते हुए सज्जादा नशीन हाजी सैयद फुरकान वहीद हाशमी ने कहा कि ईद केवल त्योहार नहीं, बल्कि इबादत और खुदा का शुक्र अदा करने का दिन है। उन्होंने जोर दिया कि जिस तरह रमजान में नमाज और कुरान की पाबंदी की गई, वैसी ही पाबंदी पूरे साल रहनी चाहिए। दरगाह बड़े मखदूम साहब में कारी हसन साकिब और छोटे मखदूम साहब में मौलाना अब्दुल बाकी ने नमाज संपन्न कराई। इस दौरान सज्जादा नशीन शोएब मियां, मदनी मियां व अन्य गणमान्य लोगों ने गले मिलकर मुबारकबाद दी।

## छुट्टी के दिन मरीजों की भीड़, तीन संदिग्ध भर्ती

**सीतापुर, अमृत विचार।** त्योहार के बाद जिला अस्पताल की इमरजेंसी और ओपीडी में मरीजों का रेला उमड़ पड़ा है। बीते दो दिनों में पुलिस और एंबुलेंस की मदद से एक महिला समेत तीन संदिग्ध अज्ञात लोगों को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति को शुगर लेवल गिरने के कारण भर्ती किया गया है। वहीं, ईद के दिन नैमिष पुलिस द्वारा लाई गई करीब 26 वर्षीय बेहोश महिला को उपचार के बाद होश आ गया है, लेकिन वह अभी अपना पता बताने की स्थिति में नहीं है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटना में घायल एक अन्य अज्ञात युवक का भी इलाज चल रहा है। भीड़ का आलम यह है कि इमरजेंसी के सभी बेड फुल हो गए हैं। अस्पताल प्रशासन को मजबूरी में गैलरी में स्ट्रेचर डालकर मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है। तीमारदार जितेंद्र और रवि ने बताया कि मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण डॉक्टर को दिखाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।



जनसभा में हाथ उठाकर सांसद राकेश राठौर का समर्थन करते समर्थक व ग्रामीण। अमृत विचार

### मनरेगा को खत्म करने की साजिश में भाजपा : राकेश

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** सात दिवसीय 'मनरेगा बचाओ संवाद यात्रा' का रामकुंड ग्राम सभा में समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद राकेश राठौर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 80 प्रतिशत ग्रामीण गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए मनरेगा कानून बनाया था, जिसे वर्तमान सरकार खत्म करने की साजिश रच रही है। सांसद ने क्षेत्रीय विधायक व अन्य दलों के नेताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि दलितों व अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं। उन्होंने जाति जनगणना को सामाजिक व आर्थिक बदलाव की कुंजी बताया। किसान नेता शिवप्रकाश सिंह ने कहा कि मजदूरों के हक के लिए मनरेगा को बचाना अनिवार्य है। उधर, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. आर.पी. वर्मा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान 43 ग्राम सभाओं में बैठकें की गईं और 3216 परिवारों का मनरेगा पंजीकरण कराया गया।

## हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार आईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। एक तरफ जहां इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ दबोचा, वहीं दूसरी ओर आईजी लखनऊ रेंज ने कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। इमलिया सुल्तानपुर थानाध्यक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर रोहित पासी और सतीश कुमार को गिरफ्तार किया। इनके पास से 315 बोर के दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। रोहित पासी पर लूट और गैंगस्टर एक्ट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

**हिस्ट्रीशीटरों का हो सत्यापन: आईजी:** आईजी लखनऊ रेंज किरण एस. ने देर शाम कोतवाली नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर बीट पुलिसिंग को मजबूत करने और हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन के कड़े निर्देश दिए। आईजी ने महिला हेल्प डेस्क और साइबर सेल का भी जायजा लिया और स्पष्ट किया कि महिला अपराधों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर मनाया विश्व वानिकी दिवस



पौधरोपण के दौरान उपस्थित वन अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** रावल अदेसर में वन विभाग द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जागरूकता गोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामपाल व सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र त्रिवेदी ने की। वन दरोगा रवि कांत वर्मा ने कहा कि वन हमारे जीवन का आधार हैं। इस दौरान ग्राम सचिवालय परिसर में आम, अमरूद, अशोक और बॉटल ब्रश जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उपस्थित ग्रामीणों को एक व्यक्ति-एक वृक्ष का संकल्प दिलाते हुए वनों की कटाई रोकने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर गोवर्धन लाल, बुधराम, संतोष कुमार व कुलदीप सिंह सहित कई ग्रामीण रहे।

### छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर



छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी देती पुलिस टीम। अमृत विचार

**औरंगाबाद, सीतापुर।** नैमिषारण्य कस्बा स्थित श्री अखण्ड आचार्य स्वामी अचिंत्यानंद कॉलेज में शुक्रवार को 'मिशन शक्ति' अभियान के चरण 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस टीम ने छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी। उप निरीक्षक प्रशांत सिंह ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में छात्राएं वीमेन पावर लाइन 1090, 112 पुलिस सहायता 112, महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचाव के लिए 1930 और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए 1076 टोल फ्री मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई। टीम ने छात्राओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस टीम से राहुल शर्मा, सखिन सिंह और पूजा सक्सेना सहित अन्य मौजूद रहे।

# सड़क हादसों ने छीनी 3 जिंदगी, कई घायल

## जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में हुए हादसों से मचा कोहराम

**रफ्तार की मार**

- कमलापुर में डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला
- मुंडन कराकर लौट रहे भक्तों की ट्रॉली पलटी, आधा दर्जन जख्मी

**अमृत विचार टीम, सीतापुर**



इंद्रराज।



जगदेई।

जनपद में पिछले 24 घंटों के भीतर रफ्तार का जानलेवा खेल देखने को मिला। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक ने अपना हाथ गंवा दिया।

पहली घटना कमलापुर थाना क्षेत्र के कम्हरिया पुल पर हुई। सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों दीपक (19) और इंद्रराज (20) को कुचल दिया। मृतकों की पहचान रामपुर कला थानाक्षेत्र के चौड़िया कोठार निवासी दीपक और सिधौली कोतवाली क्षेत्र के तेलईगांव निवासी इन्द्रराज के रूप में हुई।

बताते हैं कि दोनों युवक घर के निर्माण कार्य को लेकर मजदूरों को लेने के लिए निकले थे। उधर, पिसावां के कुतुबनगर मार्ग पर अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल महिला जगदेई (45) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**हादसे में कटा हाथ, मची चीख-पुकार: महमूदाबाद:** सदरपुर मार्ग पर वैन और ट्रैक्टर-ट्रॉली की सीधी भिड़ंत में वैन चालक महेश (28) का दाहिना हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी बिसवां से रेफर किया गया है।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, छह गंभीर: खैराबाद:** खैराबाद के परसेंडी मार्ग पर नैमिषारण्य से मुंडन कराकर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से छह लोग घायल हो गए, जिनमें से एक महिला को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

### बैंक के कैमरे से मिला 5.60 लाख चोरी के टप्पेबाज का सुराग

**तंबौर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र में 17 मार्च को बाइक की डिग्गी से हुई 5.60 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मिले इनपुट में पुलिस शातिरों के करीब पहुंच चुकी है। तंबौर निवासी आफताब अपनी बहन की 12 अप्रैल को होने वाली शादी के लिए दो बैंकों से नकदी निकालकर घर लौट रहा था। उसने 5.60 लाख रुपये की नकदी बाइक की डिग्गी में रखी थी। इसी दौरान वो टप्पेबाजी का शिकार हो गया। पुलिस और एसओजी की पड़ताल में बैंक के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो संदिग्ध दिखाए दिए। सूत्रों की मानें तो टप्पेबाजों का गिरोह पड़ोसी जिले का बताया जा रहा है। इसको लेकर खीरी पुलिस से एसओजी ने संपर्क साधा है।

## परिजनों से मिलीं विधायक रियाद हमले के युवक का शव भारत लाने की मांग

**महमूदाबाद, सीतापुर।** रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए बघाइन गांव वासी युवक की मौत की खबर पर दुख जताते हुए विधायक महमूदाबाद परिवार से मिली। उन्हें सरकारी मदद का आश्वासन देते हुए शव लाने के प्रयास की बात कही। बता दें कि महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का बघाइन निवासी रवि गोपाल (26) की रियाद में मिसाइल में हुए हमले में मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक आशा मौर्य ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से फोन पर बात कर शव जल्द भारत लाने का भरोसा दिलाया। डीएम डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने भी गांव पहुंचकर विवरण जुटाया है।

**परिवार के साथ वृद्ध मां:** मृतक रवि गोपाल अपने पीछे पत्नी, छोटे बच्चे और वृद्ध मां को छोड़ गए हैं। जो पूरी तरह रवि पर ही आश्रित थे। घटना के बाद से परिवार के साथ नजदीकी रिश्तेदार भी मौजूद हैं।

### देव सरिता धाम में मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव



शिविर को संबोधित करते मुख्य वक्ता जिला संघचालक उमाकांत। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम गंगुवा बेहड़ स्थित देव सरिता धाम जंगली नाथ मंदिर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम और संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता जिला संघचालक उमाकांत ने पंच परिवर्तन और कालचक्र पर प्रकाश डालते हुए महाराजा विक्रमादित्य द्वारा स्थापित विक्रमी संवत के महत्व को समझाया। उत्सव में क्षेत्र के 104 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर खंड कार्यवाह अमित, राजन, सर्वेश, चित्रांश, आनंद, अजय और राजेश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



नैमिषारण्य में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एएसपी। अमृत विचार

### एएसपी ने परखीं सुरक्षा व्यवस्थाएं

**नैमिषारण्य, सीतापुर।** चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह ने नैमिषारण्य क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने मां ललिता देवी मंदिर प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था परखने के उपरांत एएसपी ने थाना मछरेहटा और संदना का औचक निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विवेचकों को कड़े निर्देश दिए कि लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उन्हें तत्काल माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनसुनवाई में संवेदनशीलता बरतने की हिदायत दी।

### चोरी की नीयत से घर में घुसे दो शातिर दबोचे

**सीतापुर, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में देर रात करीब दो बजे चोरी की नीयत से घर में घुस रहे तीन शातिरों को परिजनों ने सूझबूझ दिखाते हुए पकड़ लिया। हालांकि, इस दौरान एक आरोपी चकमा देकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिस के पहुंचने से पहले परिजनों ने पकड़े गए आरोपियों की धुनाई भी की, जिसके बाद उन्हें कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोंसले ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान वैभव सिंह पुत्र ब्रजेश सिंह और अमित दीक्षित उर्फ आशू पुत्र विमलेश दीक्षित निवासी शहर कोतवाली के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी छोटू उर्फ अंकित रैदास फिलहाल फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गैस एजेंसी पर छापा, लाइसेंस निरस्त

**कमलापुर/सीतापुर।** सिधौली क्षेत्र के सरौरा स्थित उज्ज्वला ग्रामीण वितरक इंडेन गैस एजेंसी पर रविवार को जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीम ने औचक छापेमारी की। घंटों चली इस जांच में एजेंसी के स्टॉक और वितरण प्रणाली में भारी खामियां पाई गई हैं।

**दूसरी एजेंसियों से बंटवाई गैस:** हैरानी की बात यह रही कि एजेंसी मालिक रामश्री जांच के दौरान मौके से नदारद रहीं। फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने पारिवारिक समारोह का बहाना बनाया। उपभोक्ताओं की भीड़ और गैस की किल्लत को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव ने तत्काल संज्ञान लिया और आसपास की अन्य एजेंसियों से गाड़ियां बुलाकर मौके पर ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित करवाए। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी संचालक द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और लिक्विड पेट्रोलियम गैस रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन आर्डर सन 2000 के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। मौके पर मौजूद गैस एजेंसी कर्मचारियों में कंप्यूटर ऑपरेटर विवेक त्रिपाठी और गोदाम इंचार्ज अंकित राठौर के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। टीम ने स्पष्ट किया है कि अनियमितताओं की रिपोर्ट डीएम को भेजी जा रही है और एजेंसी का लाइसेंस निरस्त करने के साथ-साथ केस दर्ज कराने की संस्तुति की गई है। निरीक्षण के दौरान आलोक सिंह, केके सिंह और एसडीएम भी देर शाम पहुंची हैं।

**स्टॉक में मिला भारी अंतर**

डीएसओ अखिलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने जब गोदाम व एजेंसी के रिकॉर्ड का मिलान किया तो होश उड़ गए। मौके पर फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान गोदाम इंचार्ज अंकित राठौर के द्वारा मात्र 4 भरे गैस सिलेंडर होने की बात कही गई जबकि 14.2 किग्रा के 805 भरे हुए सिलेंडर होने चाहिए थे लेकिन मौके पर भारी कमी मिली। 19 किग्रा के कमर्शियल सिलेंडर और छोटे 5 किग्रा व 2 किग्रा वाले सिलेंडरों के स्टॉक में भी व्यापक हेरफेर पाया गया। जांच के दौरान 114 रेगुलेटर और अन्य उपकरणों के स्टॉक में भी गड़बड़ी मिली है।

### मदर्स प्राइड स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, आराध्य बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर



अराध्य और उनके अभिभावक को सम्मानित करतीं विद्यालय संस्थापिका मोनिका आनंद और प्रबंधक कुनाल आनंद। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र आराध्य श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के लिए 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के खिताब से नवाजा गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका मोनिका आनंद के संबोधन से हुआ, जिन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर कड़ा परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में आराध्य श्रीवास्तव के माता-पिता को भी मंच पर सम्मानित कर उनके मार्गदर्शन की सराहना की गई। विद्यालय के प्रबंधक कुनाल आनंद ने अन्य मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान अभिभावकों से भी संवाद किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**खुलासा** तम्बौर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई, कब्जे से 6.57 लाख नकदी बरामद

# सीतापुर में एसओजी ने पकड़े 15 अंतरराज्यीय शातिर

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तम्बौर पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पकरिया पुरवा मार्ग के पास से एक अंतरराज्यीय गिरोह के 15 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, इनमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। पकड़े गए अभियुक्त मध्य प्रदेश के शिवपुरी और दतिया जिले के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि यह गिरोह अलग-अलग स्थानों पर डेरा डालकर पहले रेकी करता था और फिर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न चोरी की घटनाओं से संबंधित कुल 6, 57, 500 रुपये बरामद हुए हैं। पूछताछ में गिरोह ने सीतापुर, श्रावस्ती और हरदोई के विभिन्न थानों में दर्ज करीब आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को कबूल किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया है। सफल अनावरण पर एडीजी लखनऊ जोन, आईजी लखनऊ रेंज और एसपी सीतापुर द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।



वारदात का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल। अमृत विचार

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

मप्र के जनपद शिवपुरी के थाना दिनारा स्थित जनकपुरी निवासी जालिम, थाना मायापुर स्थित इजारपुर निवासी दानवीर, दनीराजा, दतिया जनपद के थाना देहात सिविल लाइन के प्रकाश नगर निवासी शिकारी, लोटन, शिवकपूर, सितकुमार, नसीब, महक सिंह, शालू सिंह, साइबा उर्फ साइता, सुनीता, मौसमी, सादिका, चोमनी।

इस मौके पर एसओजी प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक तंबौर ब्रजेश राय, उपनिरीक्षक अमित कुमार दुबे, उप निरीक्षक शीतला प्रसाद, मुख्य आरक्षी हरिप्रकाश, आरक्षी मनीष राणा, अविनाश कुमार, सतेंद्र मावी, अमरजीत सिंह, अंकित कुमार सहित अन्य।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**सीतापुर, अमृत विचार।** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को अलग-अलग उपलब्धियां सामने आईं। एक ओर जहां पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में टूटने की कगार पर पहुंचे एक परिवार को बचा लिया गया, वहीं दूसरी ओर जिले भर में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजक किया गया। परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी गीता सिंह व काउंसलर्स की मौजूदगी में कमलापुर निवासी दीपा और महोली निवासी रामलखन के बीच चल रहे आपसी मतभेद को सुलझाया गया। इसी क्रम में 'मिशन शक्ति' फेज-5 के तहत जिले के बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिस टीमों ने चौपाल लगाई। महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, नवीन कानूनों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112 व 1930 की जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा के तरीके और गुड टच-बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार,23 मार्च 2026 रायबरेली

न्यूज ब्रीफ

## बुजुर्ग महिला ने कुएं में लगाई छलांग

**ऊंचाहार :** क्षेत्र के ललई का पुरवा, अरखा गांव में एक बुजुर्ग महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते कुएं में छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की। गांव के श्रीराम ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर तुरंत रस्सियों के सहारे उसे बाहर निकालने में कामयाब हो गए। इस एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा किए गए इस साहसिक कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## बाइकों में टक्कर, एक युवक गंभीर

**बछरावां :** थाना क्षेत्र महराजगंज के अंतर्गत बछरावां-महराजगंज मार्ग पर असनी गांव के पास एक अज्ञात बाइक सवार की जोरदार टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल बाइक सवार गोविंद पुत्र कृष्णपाल निवासी रामपाल खेड़ा मजरे इचौली थाना बछरावां बीते शनिवार की देर रात महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसी गांव में अपनी ससुराल से वापस अपने घर उक्त मार्ग होते हुए जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। सीएचसी में चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## कूट रचित दस्तावेज की आरोपित को जेल

**महराजगंज :** नगर कोतवाली रायबरेली आजाद नगर बैरहना निवासी महिला मुन्नी देवी के खिलाफ कस्बे के रुद्र नगर निवासी ऐनुल हक की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी करने का केस 14 जनवरी को दर्ज किया था। एनुल हक का आरोप है कि उनके ही मोहल्ले की निवासी मुन्नी की माता का नाम शांती देवी व पिता का नाम राधे लाल उर्फ राधेश्याम है। उन्होंने कस्बे के दुकानदार गजनफर अली से माता का नाम सुरैया व पिता का नाम शहीद हुसैन लिखवा दिया। जिसके आधार पर 15 नवंबर वर्ष 2021 को मुन्नी ने लखनऊ से पासपोर्ट भी जारी करा किया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि कूट रचना व धोखाधड़ी की आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## पुलिया से टकराई बस, छह लोग घायल

**अटौरा :** लालगंज-रायबरेली मार्ग पर स्थित जरिया गांव के राजपूत ढाबा के समीप रविवार को रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। इसमें बस पर सवार छह लोग घायल हो गए। बताते है कि कानपुर डिपो की बस रविवार को रायबरेली से कानपुर की ओर जा रही थी। तभी जरिया गांव के राजपूत ढाबा के पास बस अज्ञात कारणों से अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में बस छह लोग घायल हो गए। इसमें दीपा दीक्षित (35) पत्नी आशीष दीक्षित, अमित दीक्षित (28) पुत्र दिनेश दीक्षित निवासी ग्राम चिमनामऊ थाना लालगंज जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उनके परिवारजन अपने निजी वाहन से उपचार हेतु जिला अस्पताल लेकर गए हैं।

## बालिकाओं को किया गया जागरूक

**डलमऊ :** डलमऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बघेलन मजरे नेवाजगंज में महिला उपनिरीक्षक दीपांशी चौहान, महिला आरक्षी नेहा ,आरक्षी अमरजीत,आरक्षी आकाश ने यह जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं के साथ मारपीट और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। उन्हें आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

# तमंचे के बल पर युवक से लूटमार, मचा हड़कंप

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बछरावां थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक युवक से तमंचे के बल पर बाइक लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित पंकज कुमार, निवासी उन्नाव अमेठी जनपद के सेमरौता गांव से अपने घर लौट रहे थे। देर रात जब वह बछरावां-मौरावां मार्ग पर टांडा और छोटकवां खेड़ा गांव के बीच कुबेर धर्मकांटा के पास पहुंचे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले पंकज के हेलमेट पर डंडे से वार किया, जिससे वह रुक गए। इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और तमंचा निकालकर उन्हें डराया। जान बचाने के लिए पंकज मौके से भागे, तभी बदमाश उनकी बाइक लेकर फरार हो गए।

पीड़ित से सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

# केस दर्ज होने के बाद माने परिजन, तीसरे दिन शव का अंतिम संस्कार

जगतपुर (रायबरेली)

आक्रोश

- कर्ज को लेकर बैंक कर्मियों पर दबाव में अधेड़ की मौत का आरोप
- अंतिम संस्कार न होने से 3 दिन तक गांव में तैनात रही पुलिस

**अमृत विचार।** छिछौरा मजरे अलावलपुर गांव में एक अधेड़ किसान की मौत के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तीन बाद हुई इस कार्रवाई के बाद आक्रोशित परिजनों ने पुलिस की सुपुदर्गी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हालात तनावपूर्ण होने पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

जानकारी के मुताबिक गांव निवासी 55 वर्षीय सुरेश की 19 मार्च को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें सीएचसी जगतपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके बाद उसे एम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मौत से परिजन भारी आक्रोश में हैं। इससे नाराज होकर 20 मार्च को परिजनों ने बैंक कर्मियों पर फर्जी लोन और जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए विश्वनाथगंज तिराहे पर शव रखकर मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब तीन घंटे तक हाईवे पर आवागमन ठप रहा और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के बेटे अमित पटेल ने बैंक मैनेजर, फील्ड ऑफिसर समेत चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोप है कि अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उधर, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए मौत का कारण हाई बीपी बता रही है। यहीं से विवाद और गहरा गया। फिलहाल रविवार को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद आक्रोशित परिजनों का हंगामा खत्म हुआ और पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### कर्ज ने छीनी जिंदगी

परिजनों का दावा है कि सुरेश के नाम पर 2024 में मुद्रा लोन लिया गया था, जिसकी वसूली को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। कर्ज चुकाने के लिए उन्होंने अपना मकान और दुकान तक बेच दिया, लेकिन बोझ खत्म नहीं हुआ। परिवार का आरोप है कि इसी मानसिक दबाव ने उनकी जान ले ली।

### क्या बोले सीओ

वहीं क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी के मुताबिक अधेड़ की मौत के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतक के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

# सड़क हादसों में चार की थमीं सांसें, पांच गंभीर

## भदोखर थाना क्षेत्र में बाइक-स्कूटी की टक्कर में 2 की मौत, चड़रई चौराहे पर कार ने बाइक सवारों की मारी टक्कर

संवाददाता, रायबरेली


ललित की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


भदोखर थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव में मृतक आशीष के बिलखते परिजन।

पहली घटना रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर शनिवार देर शाम हुई। सुलखियापुर के पास एक मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक अनंत कुमार शुक्ला पुत्र प्रेम कुमार, निवासी मोहल्ला चौरासी, थाना डलमऊ और स्कूटी चालक आशीष पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम सैदनपुर खागीपुर सड़वा, थाना भदोखर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल एम्स ले जाया गया। उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। दूसरी घटना ऊंचाहार थाना क्षेत्र के चडरई चौराहे की है। होरेसा गांव निवासी ललित कुमार (23) अपने गांव के ही अर्जुन (22) के साथ रायबरेली से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों चड़रई चौराहे पर सड़क पार करने लगे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी जगतपुर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने ललित कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि अर्जुन की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार के मुताबिक, ललित ने जिला अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया, जबकि अर्जुन का उपचार चल रहा है। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

तीसरी घटना बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनगंज-इसिया संपर्क मार्ग पर स्थित नहरिया के निकट की है। अमन पुत्र राजेश अपने साथी अंशु पुत्र रमेश निवासी इसिया के साथ उक्त मार्ग होते हुए अपने गांव वापस जा रहे थे, जैसे ही वह उक्त मार्ग पर स्थित नहरिया के निकट पहुंचे, तभी तेज रफ्तार में होने के चलते उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया। मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान अमन की मौत हो गई। अंशु की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सेवानिवृत फौजी के पुत्र की दुर्घटना में मौत


सनी शुक्ला की फाइल फोटो।

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** सेवानिवृत फौजी के पुत्र की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत से घर में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की पत्नी और तीन अबोध पुत्री के सिर से पिता का साया उठ गया। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे मृतक के शव को देखकर पत्नी बेसुध हो गई। डलमऊ कस्बे के मोहल्ला चौरासी निवासी सेवा निवृत फौजी प्रेम शुक्ला का 35 वर्षीय पुत्र सनी शुक्ला शनिवार को अपनी बहन को लेने के लिए रायबरेली मोटरसाइकिल से जा रहा था। तभी रायबरेली डलमऊ मार्ग पर कलशहा गांव के पास आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में शनि शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एम्स अस्पताल मुंशीगंज ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी पूनम के साथ परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की तीन पुत्रिया आराध्या, अंशिका और आठ माह की तीसरी पुत्री के सर से पिता का साया उठ गया। मृतक ड्राइवरी का कार्य करके परिवार का पालन पोषण करता था।

### डिवाइडर से टकराईं बाइकें, दो गंभीर

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ओवरब्रिज पर बीते शनिवार की देर रात अनियंत्रित होकर आपस में दो बाइकें भिड़कर डिवाइडर से टकरा गई, जिनमें सवार छह लोगों में दो की हालत गंभीर है। बताते हैं कि एक बाइक पर अपने दो साथियों के साथ सवार घायल सारिक पुत्र शहाबुद्दीन निवासी छोटा घोसियाना रायबरेली, वहीं दूसरी बाइक पर अपने दो साथियों के साथ सवार घायल अर्पित पुत्र अजय कुमार निवासी शक्तिनगर रायबरेली, उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ईद का जश्न मना कर लखनऊ से वापस अपने घर शनिवार की देर रात लौट रहे थे। तभी उन दोनों की बाइकें अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गई और ओवर ब्रिज के डिवाइडर जा टकराई, जिसमें दोनों बाइकों पर सवार सभी छह लोग घायल हुए, जिनमें चार को मामूली चोटे आने के चलते उनका इलाज पास में ही स्थित निजी अस्पताल में कराया गया है। वहीं सारिक और अर्पित को गंभीर हालत में सीएचसी चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उपचार करने के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**डलमऊ, अमृत विचार।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को डलमऊ पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। मां की तहरीर पर डलमऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। बीते नौ मार्च को चौकी क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी को अमित पुत्र बुद्धिलाल निवासी पूरे जुगराज मजरे हाजीपुर थाना गुरुबक्सगंज जनपद रायबरेली बहला फुसलाकर भगा ले गया था परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला।मां की तहरीर पर डलमऊ पुलिस ने 14 मार्च को मुकदमा दर्ज किया था तब से आरोपी की तलाश की जा रही थी।शनिवार को चौकी प्रभारी विनय पाठक ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

## नामित सदस्यों का मंडल अध्यक्ष ने किया सम्मान

**डीह।** नगर पंचायत परशदेपुर में शासन द्वारा नामित सदस्य सुधीर मिश्रा, संत प्रसाद उपाध्याय और जियाराम सरोज का भव्य स्वागत एवं सम्मान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी व पूर्व चेयर मैन चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नामित सदस्य नगर के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। इस मौके पर सभासद संदीप मोदनवाल, पूर्व सभासद श्रीकांत त्रिवेदी, मंडल उपाध्यक्ष अंजनी मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक रामनाथ यादव, बूथ अध्यक्ष सोनू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मोदी के नाम सरकार का मुखिया बने रहने के रिकॉर्ड से भाजपाइयों में खुशी

**लालगंज, अमृत विचार।** भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सरकारी मुखिया के रूप में बने रहने का रिकॉर्ड कायम करने पर प्रसन्नता जताई है। जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह और भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने प्रसन्नता जताते हुए बताया कि पीएम मोदी के लिए रविवार का दिन और 22 मार्च की तारीख सबसे खास पन्नों में दर्ज हो गई है। भाजपा के पूर्व सभासद कैलाश वाजपेई ने कहा कि गुजरात का सीएम पद छोड़कर 2014 में नरेंद्र मोदी प्रचंड जीत हासिल कर देश के प्रधानमंत्री बने थे।तब से लेकर अब तक वह इस पद पर विराजमान हैं। वहीं भाजपा नेता प्रोफेसर अविनाश सिंह, राम प्रताप सिंह, राजेश सिंह फौजी,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, उमेश सिंह, चंदा ने भी खुशी जताते हुए कहा कि रोचक बात यह है कि पीएम मोदी इन 25 सालों में कई बार जनता के द्वारा चुने गए और अपराजित रहे।

## नवोदय विद्यालय में छात्रा का हुआ चयन


नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रा।

**सरेनी।** मुरार मऊ स्थित दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल की कक्षा 5 की छात्रा अवंतिका ने अपनी मेहनत एवं लगन से नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला ने अवंतिका की लगन और मेहनत की प्रशंसा करते हुए बताया कि हमारे विद्यालय की शिक्षा और शिक्षण व्यवस्था के कारण लगातार दूसरे वर्ष विद्यालय के बच्चों ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया ईद का त्योहार

**सरेनी :** शनिवार को ईद का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। सुबह मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की बधाई दी। क्षेत्र के छतौना गजपति खेड़ा भोजपुर बर वलिया बेनी माधवगंज में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रत्येक मस्जिद के बाहर पुलिस बल सतर्क रहा।

## एसएसओ से अभद्रता व गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**जगतपुर।** थाना क्षेत्र के मेल्खा साहब निवासी अमित कुमार पुत्र रमेश कुमार जगतपुर पावर हाउस में एसएसओ पद पर तैनात हैं। आरोप है कि बीती रात वह ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान करीब 12 बजे मधवापुर गांव के दो व्यक्ति पावर हाउस पहुंचे और बिजली आपूर्ति को लेकर गाली-गलौज करने लगे।

पीड़ित के अनुसार उन्होंने बताया कि लाइन ब्रेकडाउन में है और ठीक होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके बावजूद दोनों व्यक्तियों ने कर्मचारी और अवर अभियंता के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि गाड़ी चढ़ाकर मार देंगे। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आईआईटी प्रवेश के लिए ऊंचाहार के होनहार अर्पित ने हासिल की 86 वीं रैंक

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स टेस्ट में ऊंचाहार के होनहार छात्र में 86 वीं रैंक हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर पूरा गांव बहुत उत्साहित है । रोहनिया विकास खंड के गांव हटका निवासी स्व . संजीव कुमार शुक्ल के सुपुत्र अर्पित शुक्ल ने यह सफलता हासिल की है ।दिल्ली विश्विद्यालय से विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने यह परीक्षा पास की है ।राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने की सूचना मिलते ही गांव में उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया ।उनकी मां वंदना शुक्ल ने बेटे की इस सफलता का श्रेय अपने स्वर्गवासी पति के आशीर्वाद को देती है ।उनके परिवार के सदस्यों ज्ञान प्रकाश शुक्ल , आलोक शुक्ल , संदीप शुक्ल और आस्था शुक्ला घर के इस बेटे की सफलता पर गदगद है।


परिवार और गुरुजनों के साथ अर्पित त्रिपाठी।

## दो पक्षों में मारपीट, पांच लोग घायल

**शिवगढ़।** शनिवार को शिगगढ़ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष से चार तो वहीं दूसरे पक्ष से एक किशोर जख्मी हो गया। मारपीट में एक पक्ष से गुड्डा पत्नी हनोमान, नीशू पुत्री हनोमान, खुशबू पुत्री हनोमान, करन पुत्र हनोमान हनोमानजख्मी हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से आयुष पुत्र रामबक्स जख्मी हो गया। गुड्डा पत्नी हनोमान का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उन्होंने विपक्षियों की शिकायत की थी जिसकी जांच शुक्रवार को पुलिस करने आई थी, जिससे विपक्षी चिढ़े हुए थे। शनिवार को गांव के ही रामबक्स का लड़का दीवाल में ईंट ठोक रहा था मना किया गया तो घर में घुसकर उनकी दो बेटियों, नाबालिक बेटे और उनकी पिटाई कर दी। वहीं दूसरे पक्ष से रामबक्स का आरोप कि दोनों के बीच जमीनी विवाद पहले से चल रहा है। शनिवार को उनके यहां टीनशेड रखा जा रहा था जो दीवार में लड़ गया तो विपक्षियों ने उनके नाबालिक बेटे आयुष की पिटाई कर दी। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों तहरीर मिली है मुकदमा दर्जकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद

संवाददाता, रायबरेली



ईद-उल-फितर पर एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते लोग।

**अमृत विचार।** जिले में ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने नमाज अदा किया। इसके बाद एक-दूसरे को बधाई दी। डबल फाटक स्थित ईदगाह में पंडाल में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बधाई दी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने ईद-उल-फितर ने ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा करने आए लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. शर्मा द्वारा ईदगाह के समीप लगाए गए पंडाल में नमाजियों के लिए नाश्ता और पानी की समुचित व्यवस्था भी की गई थी, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस प्रकार की व्यवस्था से लोगों को काफी राहत मिली। शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती में हर साल की तरह ईद उल फितर के त्यौहार में हिन्दू - मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले लगाकर मुबारकबाद दी। प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल ने कहा कि बैंती ग्राम पंचायत में चाहे मुस्लिम भाइयों का त्यौहार हो या हिंदू भाइयों का यहाँ हिंदू मुस्लिम एकता ,भाईचारे एवं आपसी सौहार्द की मिसाल देखने को मिलती हैं। वहीं कांग्रेस के जिला सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा के नेतृत्व में रायबरेली सांसद राहुल गांधी, अमेठी सांसद केएल शर्मा के बैनर तले ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**शिवगढ़ में 18 स्थानों पर अदा की गई ईद की नमाज, शिवगढ़:** थाना क्षेत्र के बैंती ईदगाह, शिवगढ़, भौसी, कुम्हरावां,असहन जगतपुर, भवानीगढ़ सहित कुल 18 स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्तिपूर्ण ढंग से ईद उल फितर की नमाज सम्पन्न हुई। बडवल, गनहरी, फिरोजाबाद, शिवली, बैंती, पिपरी आदि में लोग ईद उल फितर की नमाज अदा की। इस दौरान राजस्व निरीक्षक शिव प्रसाद तिवारी, लेखपाल अभिषेक पटेल, पुलिसकर्मी तथा प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल, एडवोकेट गौरव मिश्रा, राजेन्द्र राज, मो.असीर, मो. इकबाल, मो. इस्माइल, मो.कादिर, मो. कय्यूम आदि रहे।

# गलत इलाज से युवक की मौत, मेडिकल स्टोर सीज

महराजगंज (रायबरेली)


मेडिकल स्टोर पर दवाओं की जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर शिवेंद्र सिंह।

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर संचालक के इलाज से युवक की मौत मामले में विभाग ने कार्यवाही की है। अमृत विचार में "मेडिकल स्टोर संचालक के इलाज से युवक की मौत" शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी ने घटना को गंभीरता से लिया। ड्रग्स इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर सीज कर दिया। इसके पूर्व औषधियों के चार नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

सोमवार को नया पुरवा निवासी दशरथ को पेट दर्द हुआ। परिजन उसे नया पुरवा मजरे चंदापुर पहुंचे। मेडिकल स्टोर संचालक आलोक कुमार के भाई आदित्य कुमार ने मरीज दशरथ का गलत इलाज किया । जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।रायबरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर को संज्ञान लेकर डीएम ने जिम्मेदारों को जांच के निर्देश दिए। शुक्रवार को ही ड्रग्स इंस्पेक्टर शिवेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच की गई है। डी एन एस, में मोनोसेफ, वोमांकाइन्ड, व पेंटाप इंजेक्शन मिलाकर लगा दिया गया। जिससे उसके शरीर में सूजन आ गई। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। मेडिकल स्टोर सीज किया गया है। चार औषधियों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

कार्यक्रम

विबग्योर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह

# एएसपी ने मेधावियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** विबग्योर पब्लिक स्कूल इण्टरमीडिएट कॉलेज, शक्ति नगर-रायबरेली में छात्र-छात्राओं के वार्षिक परीक्षाफल का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल वर्मा और प्रबंधक मुदित वर्मा ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।


विबग्योर पब्लिक स्कूल के संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते एएसपी संजीव कुमार सिन्हा व साथ में प्रबंधक मुदित वर्मा। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने नवरात्र और ईद की शुभकामनाएं आधारित डांस छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। वहीं देशभक्ति आधारित प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने टॉपर्स बच्चों को प्रतीक चिन्ह, प्रगति पत्र व उनके अभिभावकों को साल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रथम प्रेरणा स्रोत उनकी मां वह उनके शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं। जीवन में आगे बढ़ाने के लिए सदैव सही रास्ते को चुनें। साथ ही साथ उन्होंने अभिभावक को बच्चों व शिक्षक शिक्षिकाओं को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने व बचने के तरीकों को बताया। इस तरह की घटनाएं किसी के साथ यदि घटित हो जाएं तो उनसे किस प्रकार निपटा जाए, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 वह अपराध हेल्पलाइन नंबर 1030 के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की सरंक्षिका विमला वर्मा ने कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं, राष्ट्र निर्माण में आप अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में सक्षम है। विद्यालय परिवार सदैव आपके सपनों को पूरा करने के लिए आपके साथ तत्पर है। इस अवसर पर जितेंद्र पांडेय, बाबूलाल यादव, मनोज कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, आशीष कुमार, अभिषेक बाजपेई, धीरज शुक्ला, शिवांगिनी, रेनू, पंकज प्रजापति, अनामिका आदि मौजूद रहे।

**इन बच्चों को किया सम्मानित:** एएसपी ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः प्ले ग्रुप में वंशिका, दीपिका रतन व वैष्णवी एलकेजी में हिफजा कामरान, दानीन फातिमा, रसखान, यूकेजी में अनाया, अविका, मिष्ठी, कक्षा 1 ए में स्वास्तिक, अर्पित, अविरल,1 बी में नित्या, शिवांश, रजवी कक्षा 2 में सक्षम, जयेश, अरबिया बानो कक्षा-3 में अनिकुंज, आर्यंश, काव्यांश, कक्षा-4 में मान्या, प्रिंस, अनुभवी, कक्षा-5 में मिष्ठी, समीर, काव्या, कक्षा-6 में वैष्णवी, समरीन बानो, आदर्श, कक्षा-7 में आलिया, जानवी, असरा, कक्षा 8 में मोहम्मद शाजेब, मानस, मारूफ, कक्षा-9 में आदित्य, सुनैना, वैष्णवी को सम्मानित किया।

## युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगो पश्चिम गांव निवासी सुमित दीक्षित पुत्र प्रमोद दीक्षित रविवार दोपहर अपने घर में परिजनों की गैरमौजूदगी में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। दम घुटने लगा तो उसने चीख पुकार मचाना शुरू किया। तभी आसपास मौजूद पड़ोसियों के द्वारा उक्त घटना की सूचना उसके पिता जो कि उक्त गांव के चौराहे पर स्थित अपनी दुकान पर मौजूद थे, उन्हें दी गई।

मौके पर पहुंचे पिता एवं पड़ोसियों के द्वारा युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया और तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। उसे गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### बैसवारा बाल निकेतन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** रोजाना फाउंडेशन ट्रस्ट, मेदांता फाउंडेशन एवं इंदिरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में बैसवारा बाल निकेतन के प्रांगण में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता रहीं। उन्होंने कहा कि यह शिविर समाज के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत और जनसेवा से जुड़े कार्य के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**महराजगंज (रायबरेली):** महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के क्रम में थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा हलोर बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं व बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन्हें सजग किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, महिला हेड कांस्टेबल उर्मिला सिंह, महिला कांस्टेबल दीपा सिंह और हेड कांस्टेबल ज्ञानेंद्र तिवारी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विश्व जल दिवस पर किया गया जागरूक

**जगदीशपुर (अमेठी):** भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत रविवार को जगदीशपुर स्थित सीटेड सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट परिसर में विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए उदयनाथ मिश्रा ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने शुद्ध पेयजल के महत्व और जल स्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम समन्वयक शिवम तिवारी ने जल जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी, वहीं विषय विशेषज्ञ ए.के. श्रीवास्तव ने जल संरक्षण की परंपराओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण और जल के दुरुपयोग को रोकने की शपथ ली।

### शिया समुदाय ने काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज

**मुसाफिरखाना (अमेठी):** शनिवार को मुसाफिरखाना क्षेत्र के भनौली गांव में ईद की नमाज़ ग़मगीन माहौल के बीच अदा की गई। गांव स्थित जामा मस्जिद इमामबाग में सुबह 9 बजे शिया मुस्लिम समुदाय ने नमाज़ पढ़ी, जिसमें लोगों ने काली पट्टी बांधकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली ख़ामेनई की शहादत की याद में इस बार शिया समुदाय ने ईद सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया। नमाज़ की इमामत पेश इमाम मौलाना गौहर अब्बास ने की और ख़ुतबा दिया। अपने संबोधन में उन्होंने अयातुल्लाह अली ख़ामेनई के विचारों और संदेशों को साझा करते हुए अमेरिका और इजराइल की नीतियों का विरोध जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद आदि मौजूद रहे।

# बारिश और तेज हवाओं से फसलों को नुकसान

## किसानों की बढ़ी चिंता: फसल के दानों के भराव में आएगी कमी और कटाई में भी पैदा होगी दिक्कत



नन्द कुमार पाण्डेय।



सुमित तिवारी।

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात्रि और शनिवार शाम को हुई असमय बारिश तथा तेज हवाओं ने क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में तैयार खड़ी फसलें मौसम की मार से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल लगभग पककर कटाई के लिए तैयार हो रही थी, लेकिन तेज हवा के कारण फसल खेतों में गिर गई। फसल गिरने से दानों के भराव में कमी आएगी और कटाई में भी दिक्कत होगी, जिससे उत्पादन घटने की आशंका है। वहीं, जिन किसानों ने सरसों की फसल काटकर खेतों में सुखाने के लिए छोड़ रखी थी, उनकी फलियां बारिश के चलते चटकने लगीं। इससे सरसों के दाने जमीन पर गिरकर खराब हो रहे हैं, जिससे किसानों को सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा टमाटर की फसल पर भी मौसम का असर देखने को मिला है। तेज हवा के कारण कई जगहों पर टमाटर के पौधे टूट गए और फल जमीन पर गिर गए, जिससे उत्पादन में कमी की संभावना है। सब्जी उत्पादक किसानों के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है।

मौसम में आए बदलाव के बाद परेशान किसान नंद कुमार पाण्डेय, सुमित तिवारी, राजेश तिवारी, राम प्रकाश, कुलदीप दुबे, जगजीवन प्रसाद, सुनील सिंह और परमेश्वर दुबे सहित अन्य किसानों ने बताया कि इस समय आई बारिश ने उनकी उम्मीदों को झटका दिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि फसलों के नुकसान का शीघ्र आकलन कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।



बारिश होने से खेतों में गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

### हर घर नल-हर घर जल योजना हो गई फेल पिछले तीन साल से सूखी पड़ीं टोंटियां

**संग्रामपुर, अमृत विचार।** अमेठी जिले के विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत चरई का तारा मजरा बड़गांव में 'हर घर नल-हर घर जल' योजना धरातल पर पूरी तरह फेल नजर आ रही है। योजना के तहत घर-घर लगाई गई पानी की टोंटियां पिछले तीन वर्षों से सूखी पड़ी हैं, जिससे सैकड़ों परिवार पेयजल संकट से जूझ रहे हैं बताया जा रहा है कि यह पूरी बस्ती दलित समुदाय की है, जहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाकर घरों में नल तो लगा दिए गए, लेकिन आज तक उनमें पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। वैकल्पिक जल स्रोत न होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय निवासी हरकेश सरोज ने बताया कि करीब तीन वर्ष पहले गांव में सड़कों को खोदकर पाइपलाइन डाली गई और घरों में नल कनेक्शन भी दिए गए, लेकिन अब तक एक बूंद पानी नहीं आया। वहीं रमेश ने बताया कि कनेक्शन नंबर तक आवंटित कर दिए गए हैं, लेकिन जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है ग्रामीणों—जीवनलाल कोरी, राजकली कोरी, मालती कोरी, राम बहादुर कोरी और भगवती कोरी—ने संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि योजना का लाभ कागजों तक ही सीमित है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## सड़क का निर्माण शुरू होने पर ग्रामीणों ने जताया आभार



शुरू हुआ सड़क के डामरीकरण का कार्य। अमृत विचार

मुंशीगंज (अमेठी)

**अमृत विचार का असर**

**अमृत विचार।** रायबरेली-सुल्तानपुर राजमार्ग से बना लिंक रोड जो दर्शनपुर- भूपतिपुर होते हुए रामनगर में अमेठी मुसाफिरखाना राजमार्ग को जोड़ता है। यह मार्ग विगत कई महीनो से जर्जर अवस्था में था और यहां से गुजरने वाले हजारों ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना था। ग्रामीणों ने कई बार मार्ग के सुदृढ़ीकरण की आवाज उठाई 3 जनवरी को "अमृत विचार "ने भी इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया खबर का असर भी दिखा और जर्जर मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। सड़क निर्माण शुरू होने से आसपास एवं क्षेत्र के निवासियों ने हर्ष जताया तथा अमृत विचार अखबार को धन्यवाद दिया। शिक्षक प्रवीण मिश्र, नेता बृजेश यादव, युवा कवि हिमांशु प्रखर , ग्रामीण पंकज यादव,राहुल शुक्ला, अनिल यादव, प्रेमपाल ,टिंकू पाल , नंदलाल मिश्रा, अतुल आदि ने मार्ग के निर्माण शुरू होने पर स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दहेज की मांग पर विवाहिता का उत्पीड़न, तीन पर केस दर्ज

शुकुल बाजार (अमेठी)

**कार्रवाई**

- हसनपुर तिवारी गांव की पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के हसनपुर तिवारी गांव की एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता दीपा पत्नी पिंटू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 20 मई 2021 को थाना जामो क्षेत्र के पूरे दाहपेल गांव निवासी पिंटू पुत्र संतराम के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार नगदी और घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति पिंटू, ससुर संतराम और ननद रिंकू दहेज में अपाची मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे ताने दिए जाते थे और विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट की जाती थी। पीड़िता के अनुसार गर्भावस्था के दौरान भी उसके साथ उत्पीड़न किया गया। बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और उसके जेवर व अन्य सामान अपने पास रख लिया।

विवाहिता का आरोप है कि अब ससुराल पक्ष उसे घर में रखने से इनकार कर रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आरोग्य मेले में 1702 मरीजों का उपचार

जामो (अमेठी)

**अमृत विचार।** रविवार को अमेठी जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 1702 मरीजों की जांच की गई और उनका उपचार किया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने हरदो और भटगवा में आयोजित स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण किया।

सीएमओ ने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर पूरी तरह मुस्तैद पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मेले में कुल 738 पुरुषों का इलाज किया गया। इसके साथ ही 794 महिलाओं और 170 बच्चों को भी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। जांच के दौरान सात गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर तुरंत भेजा गया। यह सुनिश्चित किया गया कि उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिल सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के नजदीक ही बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे मेले दूरदराज के इलाकों में चिकित्सा पहुंच बढ़ाते हैं।



मेले का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

**आयोजन**

मेले में आयुष्मान भारत योजना के तहत 63 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। इस विशाल मेले के सफल संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में स्टाफ तैनात किया गया था। इसमें कुल 55 डॉक्टरों और 258 सहायक चिकित्सा कर्मचारियों को शामिल किया गया। इन सभी ने मिलकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाना है। लोगों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना इसका प्राथमिक लक्ष्य है।

### सुलह का दबाव बनाने पहुंचे आरोपी ने पीड़ित परिवार से की मारपीट, केस दर्ज

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में पुराने मुकदमे में सुलह कराने का दबाव बनाने और विरोध करने पर पीड़ित परिवार के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व विशेष समुदाय के मो. कलीम पुत्र मो. कयूम निवासी पूरे गुमान मजरे दक्खिनगांव क्यार उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। इस मामले में पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी जेल भेजा गया था और न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमे में सुलह कराने के लिए आरोपी लगातार गांव और रिश्तेदारों के माध्यम से दबाव बना रहा है। सुलह न करने पर आरोपी द्वारा परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित के अनुसार शनिवार शाम करीब 4 :30 बजे आरोपी मो. कलीम मोटरसाइकिल पैशन प्रो से उसके घर पहुंचा और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगा। जब पीड़ित ने सुलह से इनकार किया तो आरोपी कुछ देर बाद अपने एक साथी के साथ दोबारा पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। मामले में पीड़ित ने थाना बाजार शुकुल पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रिश्वत मांगने को लेकर डीएम से शिकायत

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** संग्रामपुर विकास खंड के ग्राम भौसिंहपुर निवासी विकास सिंह ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की है। पीड़ित ने राजस्व निरीक्षक पर अवैध कब्जा हटाने के नाम पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गाटा संख्या 24 की भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित के अनुसार 17 मार्च को तहसील स्तर पर टीम गठित कर 18 मार्च को कब्जा हटाने की तिथि तय की गई थी, लेकिन मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विकास सिंह ने आरोप लगाया कि वह अब तक 7,500 रुपये दे चुका है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने डीएम से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### भगवान श्रीराम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया: निर्मेश शुक्ला

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** क्षेत्र के हसनपुर स्थित बाबा ब्रह्देव मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक निर्मेश शुक्ला ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। निर्मेष ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है।उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन चरित्र अनंत काल तक सुना व प्रेरित करता रहेगा. राम कथा में पिता, मां और भाई के प्रति प्रभु का जो स्नेह प्रेम रहा, वह सदा के लिए अमर है। इस अवसर पर रवि तिवारी, ,संगम,सत्यम,रामजस ,राम प्रसाद शिव प्रसाद , दिलीप कुलदीप आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### हिंगलाज धाम में कन्या भोज का हुआ आयोजन

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के दादरा गांव स्थित प्रसिद्ध पौराणिक हिंगलाज धाम पर रविवार को विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां हिंगलाज की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद छोटी-छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुए उनका तिलक, आरती एवं चरण पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ कन्याओं को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया और उन्हें वस्त्र एवं उपहार भेंट किए। कार्यक्रम के आयोजक उन्नाव निवासी इलाहाबाद बैंक के चीफ मैनेजर संजय सिंह ने अपनी पत्नी पूनम सिंह के साथ मिलकर आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि कन्या भोज भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसमें नवरात्रि एवं अन्य धार्मिक अवसरों पर कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका सम्मान किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कृपाशंकर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, विजय सिंह मिंटू, सर्वेश सिंह, धर्मेन्द्र, दुर्गेश तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, लकी सिंह रहे।



कन्या पूजन में प्रसाद चखते बच्चे।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने को उमड़े भक्त

**रायबरेली।** राही ब्लॉक के झकरासी गांव मे श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा के तीसरे दिन गांव व आसपास के लोगो का भारी सैलाब उमर पडा। कथा व्यास अवधूता छतरपुर मध्य प्रदेश से पधारे परम पूज्य गुरू राजन जी महराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का बखान करते हुए गोकर्ण धुंधुकारी की कथा भक्तो को का श्रवण करई। भजनों की सुर मधुर धुन से पूरा पंडाल झूम उठा। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्य, प्रेम करुणा, ज्ञान, कर्म, भक्ति जहां भक्ति है वहां भगवान पहुंच ही जाते हैं। गोकर्ण की कथा धुंधकारी मोक्ष की कथा राम अवतार की कथा व महाभारत का वर्णन किया।

## गले मिलकर दी गई ईद की बधाई

संवाददाता, अमेठी

**पर्व**

**अमृत विचार।** जिले भर में शनिवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास और खुशी के माहौल में मनाया गया। ईदगाह पर नमाज के दौरान बारिश होने से नमाजी भीगते रहे। जिले के जायस, जगदीशपुर, शुकुल बाजार, महोना, अमेठी, सिंहपुर, मोहनगंज, गौरीगंज, फुरसतगंज, मुसाफिरखाना की ईदगाह सहित अलग अलग मस्जिदों निर्धारित समय पर पाकीजगी के बाद ईदुल फितर की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद की नमाज के लिए सुबह से ही नमाजी नए लिबास हनकर तैयारियों में जुटे रहे और ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा की। नमाज के बाद आपसी भाईचारा, देश अमन चैन और मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी गई। सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों के आसपास में पुलिस बल तैनात किया गया। ईदगाह के चारो तरफ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मचारी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते दिखाई दिए।नमाज के बाद जायस में डीएम संजय चौहान, एसपी सरवन टी सांसद किशोरी लाल शर्मा व एसडीएम सी .ओ.अन्य अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। ईदुल फितर की नमाज में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए लोग सुबह सात बजे से ही ईदगाह पहुंचने लगे थे, वहीं बुजुर्ग और लाचार लोग मस्जिद दाखिल हो गए। ईद के चलते ईदगाह सहित मस्जिदों में भारी हुजूम उमड़ पड़ा। दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद त्योहार की मुबारकबाद दी। वाट्सएप और फेसबुक और मोबाइल पर सारा दिन ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा। ईदुल फितर की नमाज के बाद एक दूसरे के घरों में जाकर लोगों ने सिवई खाई और गले मिलकर, एक दूसरे को ईद त्योहार की मुबारकबाद दी। ईद पर्व के मौके पर जगदीशपुर विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी विजय पासी, नईम नेता हजारों की संख्या में मौजूद रहे।



एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई देते कांग्रेसी नेता विजय पासी व अन्य।

## कालिकन धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना के लिए संग्रामपुर स्थित कालिकन धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह की आरती में सैकड़ों भक्त शामिल हुए और पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा।

श्रद्धालु हाथों में नारियल, चुनरी, पुष्प माला और कालिकन धाम के प्रसिद्ध छोटे-छोटे पेड़े लेकर मां कालिका के चरणों में अर्पित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मान्यता है कि मां कूष्मांडा अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना करने वाली देवी हैं, जिनकी पूजा करने से सभी रोग और शोक दूर हो जाते हैं।कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की विशेष पूजा का विधान है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मां की आराधना करने पर भक्तों के जीवन से कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही नारियल और चुनरी अर्पित करना विशेष फलदायी माना जाता है।पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भक्तिभाव के साथ मां के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा।



दर्शन के लाइन में लगे श्रद्धालु।

**आयोजन**

**पुरुषों के साथ शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर करतीं रहीं भजन-कीर्तन**

# भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत के सरांय छात्रधारी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल देखने को मिला शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी जयकारों के साथ शोभायात्रा में शामिल रहे। कथा का आयोजन सदाशिव कश्यप व शिव भोला कश्यप ने बताया कि 22 मार्च से 29 मार्च तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन के लिए अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक पंडित देवेंद्र अवस्थी जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

कलश यात्रा नगर पंचायत में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**गंगा यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत, लालगंज:** सनातनी गंगा फाउंडेशन के नेतृत्व में पहुंची गंगा यात्रा का चेयरमैन सरिता गुप्ता और कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला सहित व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, महामंत्री शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, शीलू त्रिवेदी, पुष्कर कृष्णा गुप्ता, बबलू सोनी, पप्पू सोनी, रामसेवक सोनी, रामबाबू सोनी, गुलाब गुप्ता, शुभम सोनी, हंसराज विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा आदि गंगा प्रेमियों ने भी गंगा यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, विवेक तिवारी, बीपी सिंह, राजेश डोगरा, शैलेश चंद्र गिरी,धनंजय मिश्रा, सोनी चौरसिया आदि लोग शामिल रहे।



गंगा यात्रा का स्वागत करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता।

**काशी विश्वनाथ-मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना, शिवगढ़:** शिवगढ़ नगर पंचायत स्थित प्रसिद्ध श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर परिसर से रविवार को हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के साथ श्रद्धालुओं का जत्था बाबा काशी विश्वनाथ एवं मां विंध्यवासिनी धाम के लिए रवाना हुआ। समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले के नेतृत्व में जत्था रवाना हुआ। राज दीक्षित ने बताया कि काशी पहुंचकर श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के साथ ही संध्याकालीन गंगा आरती में शामिल होंगे। इसके उपरान्त काशी के कोतवाल माने जाने वाले कालभैरव के दर्शन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह पुनः कालभैरव के दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था मां विंध्यवासिनी धाम के लिए रवाना होगा, जहां मां विंध्यवासिनी के दर्शन के साथ अन्य प्रमुख मंदिरों में भी पूजन-अर्चन करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। दर्शनार्थियों की टोली में मौके पर कन्हैया अवस्थी, अमित मिश्रा, नीरज अवस्थी, छोटू द्विवेदी, विकास गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

